9. हम भारारती तत्वों तथा समाज विरोधी तत्वों से भाक्ति से निपटने के लिए दृढ निि चत हैं। राज्य भर में रेल तथा सड़क के सुगम तथा बाधा रहित यातायात को सुनिि चत करने के लिए प्रबंध कर लिये गये हैं। धार्मिक स्थानों की सुरक्षा के लिये भी पूरे प्रबंध कर लिये गये हैं। सरकार साम्प्रदायिक सदभाव की नीति को बनाये रखने के लिये पूरी तरह से वचनबद्ध हैं कई बार लोगों में पड़ौसी राज्यों में घटित घटनाओं के कारण प्रतिक्रिया की भावना उत्पन हो जाती है। परन्तु हमने दृढ़ नि चय किया हुआ है कि साम्प्रदायिक भाान्ति किसी भी मूल्य पर भंग न हो। मैंने कुछ समय पूर्व विरोधी दलों की चण्डीगढ़ में एक बैठक इस कार्य में सहायता के लिये बुलाई थी, जिसमें हमारे द्वारा अपनाए गए उपायों का अनुमोदन किया गया था। मैं फिर इस

गरिमाय सदन के माननीय सदस्यों तथा सभी राजनैतिक पार्टियों का राजय में साम्प्रदायिक भाान्ति तथा सदभावना को बढ़ावा देने के लिए सहयोग चाहूंगा।

11.00 बजे।

इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, अभी डा0 साहब ने अखबार का हवाला देकर जिक्र किया कि जो बात मैंने अखबार वालों से कही है उसे मुझे पहले हाउस में बताना चाहिए था। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि ऐसी बात को चाहे हाउस में बताएं या बाहर बजाएं, यह कोई ऐसी बात नहीं है जिससे हाउस की मर्यादा भंग होती है। कुछ लोग हमने राउन्ड अप किए हैं ताकि प्रदे ा में कोई घटना न घट जाए। उसके लिये सरकार चौकस है और जागरूक है। जहां तक पानीपत के सिनेमा घर में बम विस्फोट की बात है, उसके बारे में बहुत तेजी से पूछताछ जारी है। अभी पुलिस असली मुलजिम पकड़ नहीं पाई है लेकिन उसने काफी लोगों को राउन्ड अप करके पूछताछ करने की कोि ा ा की है।

**श्रीमती चन्द्रावतीः** स्पीकर साहब, माननीय डिप्टी स्पीकर साहब महोदय और बहन भाान्ति देवी पर जो आक्रमण हुआ था उन आक्रमणकारियों की खोज में अगर कोई बाधा न पड़ती हो तो क्या मुख्य मंत्री जी बताएंगे कि वे इसमें कहां तक सफल हुए हैं ?

**चौधरी भजन लालः** अध्यक्ष महोदय, इसमें हम काफी हद तक कामयाब हो गए हैं उन लोगों ने जो मोटर साईकिल इस्तेमाल किया था उसका पता लग गया है। जिसका वह मोटर साईकिल था उसको पकड़ लिया गया है। जिसने मोटर साईकिल दिलाया था उसको भी पकड़ लिया गया है। असली मुलजिमों के नामों का पता लग गया है और हम कोि ा ा करेंगे कि बहुत जल्दी ही उन्हें पकड़ लिया जाए। मुलजिमों का नाम बताचना इस केस् के हित में नहीं होगा।

**श्री मंगल सैनः** अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने काल अटैं ान मो ान का जवाब देने के बाद एक बात कही। मैंने एक सवाल उठााया था कि जब सदन चल रहा है तो पहले ये सदन में बात कहते बजाये अखकार में कहने के। आज तक यही मर्यादा रही है। इन्होंने कहा कि इन्होंने मर्यादा भंग नहीं की। मर्यादा भंग करने का तो मैं भी प्रस्ताव नहीं लाया। मैं तो अच्छी परम्परा की बात कर रहा हूं। (विघ्न) इनको अच्छी परम्परा का अनुसरण करना चाहिए। दूसरी बाचत इन्होंने कही कि हरियाणा में कोई भय का वातावरण नहीं है। (विघ्न) भय के वातावरण का अंदाजा तो इस बात से लग सकता है कि इनकी बसों में कितने लोग आ जा रहे हैं। अम्बाला छावनी में ही जाकर आप देख लीजिए। वहां से जो बसें निकलती हैं उनमें बहुत कम सवारियां होती हैं। अड्डे के दुकानदार रोते हैं। कि उनका काम ही खत्म हो गया। इससे पता लगता है कि लोग बहुत आतंकित हैं।

अध्यक्ष महोदय, इनसे मैं एक बात कौर क्लैरिफाई करना चाहता हूं। इन्हें अपाध्यक्ष महोदय, और भाान्ति जी के ऊपर हुए हमले के संबंधमें तीन आदमी पकड़ लिए थे। उनके नाम इन्होंने अमरजीत सिंह, दीदार सिंह (हाबडी़) तथा रे ाम सिंह बताए। ये बताएंगे कि किस धारा के तहत वे पकड़े गऐ थे ? क्या वह इनती सिम्पल धारा थी कि अदालत ने उन्हें छोड़ दिया ? क्या प्रौसीक्यू ान प्रौपर नहीं हुआ ? क्या धारा ऐसी थी जिसके तहत उनको औफैंस बेलेबल था ? (विघ्न) जुडीि ायरी के बारे में तो हम कौमैंट नहीं कर सकतते लेकिन अपनी एजैंसी के बारे में तो हम पूछ सकते हैं।

स्पीकर साहब, साथ ही मैं इनसे एक बात और जानना चाहता हूं। डा0 भीम सैन भार्मा ने लिखकर भी दिया है और वे पर्सनली पुलिस कप्तान से भी मिले हैं। उनको उन्होंने रिटन में ऐप्लीके ान दी है कि मुझे खत्म करने के लिए अटैम्पट हुआ है। इन्हें अपने एस0पी0 से यह बात कन्फर्म कर लेनी चाहिए थी।

स्पीकर साहब, इन्होंने यह भी कहा कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन्होंने भाूट एट साईट की बात भी कही और यह भी कहा कि हम धार्मिक स्थानों को अपवित्र करने की निन्दा करते हैं। लेकिन मैं इनसे जानना चाहता हूं कि क्या ऐसी राय इन्हौंने गवर्नमैंट आफ इंडिया को भी दी हैं। ? सेठी साहब पानीपत में तो त ारीप लाए थे लेकिन क्या इन्होंने उन्हें कहा है कि वे पंजाब में भी जाएं ?

इन्होंने खुद माना है कि पंजाब के हालात का यह असर था। क्या इन्होंने वहां भी भाूट एट साईट के आर्डर्ज इ ू करने के लिये गवर्नमैंट आफ इंडियचा से रिक्वैस्ट की है ? अध्यक्ष महोदय, इन सब बातों पर ये कृपा रो ान डालें।

**चौधरी भजन लालः** स्पीकर साहब, डा0 साहब ने तीन चार सवाल इकट्ठे ही पूछ लिए। बहुत अच्छी बात है। अखबार वाली बात तो मैंने पहले ही हाउस के सामने रख दी है। उसकी अब दुबारा चर्चा करने की आव यकता नहीं है। दूसरी बात इन्होंनें पूछी कि जो तीन आदमी पकड़े गए थे वे किस धारा के तहत पकड़े गए थे ? अध्यक्ष महोदय, ज्यों ही यह वाक्या हुआ तो पुलिस हरकत में आई। कुछ लोग ऐसे होते हैं जो ऐसे जुर्म करने के आदी होते हैं। इस बिना पर इनको पुलिस ने राउंड अप किया और इनसे पूछताछ की। पूछताछ में यह पाया गया कि ये लोग अमृतसर गए थे और भिंडरावाला से मिलकर आए थे। हमें भाक हुआ कि कहीं भिंडरावाला के आदे ा पर ही इन्होंने ऐसा न किया हो। आपको पता है कि भिंडरावाला आमतौर पर ऐसा कहते रहते हैं। भाक हुआ कि कहीं उन्होंने ही ऐसा न करवा दिया हो या इन्हौंने कर दिया हो। इस भाक में इन्हें पकड़ा गया था। लेकिन बाद में चूंकि थ्यौरी दूसरी साईड में चली गई इसलिये इन पर जुर्म नहीं लगाया गया और इनकी जमानत हो गई।

डा0 भीमसैन भार्मा के बारे में अध्यक्ष महोदय, अर्ज यह है कि किसी आपसी झगड़े के कारण वह घटना हुई। उनके ऊपर किसी उग्रवादी ने हमला नहीं किया। (विघ्न)

अध्यक्ष महोदय, जब कभी भी भारत सरकार के साथ मीटिंग होती है तो हम हमे ाा इस बात के लिए कहते हैं कि पंजाब में सख्ती से निपटना चाहिए। सख्ती से निपटने के लिए भारत सरकार ने काफी कड़े पग उठाए भी हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि इन पगों से वहां भी अमन हो जाना चाहिए।

**चौधरी ओम प्रका ाः** अध्यक्ष महोदय, जिस वक्त आदरणी उपाध्यक्ष महोदय, की जान पर अटैम्पट किया गया था उस वक्त अखबारों में दो डिफरैंट व र्न्ज आए थे। श्री वेदपाल जी ने स्वयं कहा कि यह काम मेरे पोलिटिकल ऐनिमीज का हो सकता है। दूसरा व र्न यह था कि टैरोरिस्टस और ऐक्सट्रिमिटस का यह काम हो सकता है। मैं मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि दो डिफैंरैंट व र्न्ज आने के बाद क्या वे जुडीि ायल इंक्वायरी करवाने के लिये तैयार हैं ?

**चौधरी भजन लालः** अध्यक्ष महोदय, जुडभि ायल इंक्वायरी किस बात की हो ? अब तो हम तफती ा के नजदीक पहुंच हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, अगर अन्यास से गोली चला दी जाये आदमी मर जाए किसी से ज्यादती हो जाये, तो जुडीि ायल इंक्वायरी की बात आती है। इसमें जुडीि ायल इंक्वायरी की बात

नहीं है। श्री वेदपाल जी ने यह कह दिया कि हो सकता है कि उनके किसी मुखालिफ ने गोली चला दी हो हालांकि उनकी किसी से दु मनी नहीं है तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। उन्हौंने सदभाव से प्रदे ा के माहौल को ठीक रखने के लिए जो कुछ कहा वह ठीक कहा है और बहुत अच्छी बात कही है। इसमें कोई गलत बात उन्होंने नहीं कही है।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने बताया कि वेदपाल जी पर जो अटैक हुआ उसके बारे में वे इस तह तक पहुंचे हैं कि लोकल लैवल पर कोई कान्सपीरैंसी हुई। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि जिन तीन व्यक्तियों को राउन्ड अप किया गया था, क्या वहीं कांसपीरेसी में भाामिल थे या कोई और लोग भी भाामिल थे ? (विघ्न)

**श्री अध्यक्षः** इसका जवाब आ गया है कि चूंकि थ्योरी और आ गई इसलिये वे जमानत पर रिलीज जो गए।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा एक बात इनसे मैं और जानना चाहता हूं। 15 से 20 तारीख तक करनाल, पानीपत, कैथल और जींद में जो इंसिडैंटस हुए उनकी बिना पर एक रैजोल्यू ान पास हुआ था। चौधरी भजन लाल जी ने एक मीटिंग भी बुलाई थी लेकिन उसमें हमें नहीं बुलाया गया। इनका ब्यान भी था कि हमें भी उस मिटिंग में बुलाया गया है लेकिन हमें नहीं बुलाया गया था। इन्होंने यह भी कहा कि कोई बात

एक्सट्रेनअस सरकमस्टानसिज की वजह से हो गई। क्या उन हालात पर रो ान डालेंगे कि वे क्या एक्सट्रेनुअस सरकमस्टनासिज थे और इस गड़बड़ को रोकने के लिए इन्होंने क्या स्टैप्स लिए हैं ? क्या यह भी सत्य नहीं है कि 14.15 तारीख को जब ट्रीपारटाईट टाक हो रही थी उनको सैटल करने के लिए गवर्नमैंट या रूलिंग पार्टी की कोई कांसपीरेसी थी जिसकी वजह से ये दंगे भड़कें ?

**चौधरी भजन लालः** पहली बात तो इन्होंन कही कि मीटिंग बुलाई थी उसमें अपोजी ान पार्टी कै लोगों को नहीं बुलाया गया। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी की बात ठीक नहीं है। हमारे पास बाकायदा रिकार्ड है। हमने बहिन चन्द्रावती और चौधरी देवी लाल और मंगल सैन को टैलीग्राम दिया था कि वे आयें। डाक्टर मंगल सैन जी आये थे।

**श्रीमती चन्द्रावतीः** मुझे आपका टैलीग्राम नहीं मिला।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** हमें भी टैलीग्राम नहीं मिला। चौधरी देवी लाल और मैं हरियाणा भवन में इंतजार कर रहे थे कि हमें बुलाया जायेगा।

**चौधरी भजन लालः** हमने सबको टैलीग्राम दी थी। हम आपको रिकार्ड दिखा देंगे। हो सकता है कि इन्हें समय पर टैलीग्राम न मिला हो लेकिन इसमें हमारा कोई फाल्ट नहीं है। हमने सबको बुलाया था। मु कल तो यह है कि लीडरों का

परमानैन्ट एड्रैस भी नहीं होता है इसलिये टैलीग्राम कहां पहुंचेगी। कहीं फिर रहे होंगे। ( ाोर एवं विघ्न) मैं यह नहीं कहता कि नहीं फिरना चाहिए, फिरना चाहिए। हमने कई बार पंजाब व हरियाणा के मसले पर अपोजी ान के साथियों को बुलाया है और वे मीटिंग में भााामिल भी हुए हैं।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** मुझे आपने नहीं बुलाया।

**चौधरी भजन लालः** हमने लैजिसलेचर पार्टी के जो लीडर हैं उन्हें ही बुलाया था। मुझे पता नहीं था कि आप भी यहां हाउस में अपनी पार्टी के लीडर हैं। आइंदा आपको भी बुलायेंगे।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** लोहिया जी की पार्टी में उन्होंने लीडर आफ दि ग्रुप श्री मनीराम बागड़ी को बना रखा था।

**चौधरी भजन लालः** आइंदा आपका ख्याल रखेंगे। आपको भी बुलायेंगे। जहां तक सुरक्षा के प्रबंध करने की बात है। हमने कड़े प्रबंध किये हैं। कोई भी आदमी गुरूद्वारे में, मंदिर में आग लगाने की कोि ा ा करेगया या किसी के मकान या अन्य सम्पति को नुकसान पहुंचाने की कोि ा ा करेगा उसे देखते ही गोली मारने के आदे ा जारी हैं। कहीं पर गुरूद्वारे में कोई घुसने की बात नहीं है। मैं हरियाणा के सिखों को इस बात के लिए मुबारिकवाद देता हूं। उन्हौंने कहा है कि जहां कहीं भी गुरूद्वारों के बारे में यह भाक हो कि यहां उग्रवादी घुसे हैं वहां तला ाी ली जाये। वैसे भड़काने के लिये लोग कह देते हैं। हिसार में कहा

गया कि पंजाब के अकाली भास्त्र लेकर पंजाब से भेजे गये हैं । वहां पर सारी सिख सभा ने इकट्ठे होकर कहा कि गुरूद्वारा को देखें अगर कोई यहां घुसा हो। हरियाणा के सिख कहते हैं कि जब जी चाहें, चैक कर सकते हो।

**श्री हीरा नन्द आर्यः** रमुयर तो हैं कि घुस जाते हैं।

**चौधरी भजन लालः** ऐसी रयुमर तो होती ही है। स्टेट में वातावरण बिगाड़ने के लिए लोग करते हैं। वीरेन्द्र सिंह जी ने यह भी कहा कि दिल्ली में जो टाक हुई उसमें हरियाणा के लोगों को भाामिल नहीं किया गया यानिी आपको भाामिल नहीं किया गया। भाामिल करने की बात तो तब होती जब कोई बात फैसले के नजदीक लगती। अभी तो बात भाुरू नहीं हुई थी कि मामला ही खत्म हो गया। अगर फैसले के नजदीक बात लगती तो जरूर भाामिल करते और हमसे पूछते यह मंजूर है या नहीं। दूसरे अब भी कोई बात होगी और भारत सरकार इस मामले को निपटाने के नजदीक पहुंचेगी तो सब से पहले अपोजी ान को वि वास में लूंगा और सब की सहमति से बात मानूंगा।

**प्रो0 सम्पत सिंहः** स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय ने अपने बयान में बताया है कि हरियाणा में ला एण्ड आड्डर की हालत बाकायदा संतुश्टिपूर्ण है। इस बात का सबूत तो इस सै ान से ही लगता है। आज के दिन सै ान चला रहा है और वह भी बजट सै ान चल रहा हो और चण्डीगढ़ के अंदर हरियाणा का

कोई भी आदमी दिखायी नहीं दे रहा। उनके मन में भय है, लोग दिमाग में भय बने होने के कारण से यहां चण्डीगढ़ नहीं आ रहे हैं। आज हरियाणा की ला एण्ड आड्डर की हालत संतोशजनक नहीं है। स्पीकर साहब, उस बहादुर सिपाही श्री रणधीर सिंह जिसने माननीय उपाध्यक्ष महोदय की और महिला सदस्या श्रीमती भाान्ति देवी की रक्षा की है, उसके लिए सरकार ने क्या कोई प्रमो ान या कै ा इनाम देने पर विचार किया है ?

दूसरी बात यह है कि कई दिनों से अखबारों में रोजाना आता है कि एक्सट्रीमिस्टस का एक दस आदमियों का जत्था हरियाणा में आया हुआ है। क्या सरकार कोई व्हाईट पेपर जारी करेगी ?

**चौधरी भजन लालः** जहां तक इस जत्थे के आने का संबंध है। इस बारे में अखबार में भी आया है और पढ़ी लिखी बात भी है और कुछ रिपोर्टस भी आयी हैं कि उग्रवादी आये हैं। हमारी पुलिस चौकस है। कुछ लोग राउन्ड अप किये गये हैं। यहां हाउस में सारी बातें बताना जनहित में भी नहीं है। जहां तक ला एण्ड आर्डर की बात है केवल एक घटना को छोड़ कर जितना अमन हरियाणा प्रांत में है, इतना अमन किसी भी प्रांत में नहीं।

अध्यक्ष महोदय, श्री रणधीर सिंह जी को दो हजार रूपये इनाम के तौर पर और बहादुरी का सर्टिफिकेट भी दिया है।

मैंनें डी0आई0जी0 साहब को यह भी कहा है कि अगर उसकी कुछ परमो ान हो सके तो जरूर करनी चाहिए।

**श्री भागी रामः** स्पीकर साहब, मैं मुख्य मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि कालांवाली के पास जो रेलवे लाईन पर बम फटा है और रेलवे लाईन को उड़ा दिया गया था, क्या उन लोगों का कुछ पता चला है कि वे कौन लोग थे और कहां से आये थे ?

**चौधरी भजन लालः** जैसा कि मैंने पढ़ कर बताया है कि वे लोग भटिण्डा से चलकर आये थेक। रामा मण्डी स्टे ान का आउटर सिगनल भी हरियाणा में पड़ता है और कनकवाली गांव एक किलोमीटर हरियाणा में हैं वहां पर यह घटना घटी है। केवल आधा घंटे के अंदर हमारी पुलिस पहुंच गई। उसी समय सारी ट्रैफिक रोक दी गई वरना बहुत नुकसान होता। दूसरी वहां से कई ट्रेनें भी गुजरती हैं। आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि कितना बडा हादसा हो जाता। फौरन कार्यवाही की गई। हरियाणा पुलिस के कुत्ते और पंजाब पुलिस के कुत्ते गुरूद्वारे में जाकर खड़े हो गये। (विघ्न) पुलिस के कुत्ते इस बात के लिए रखे हुए हैं। (विघ्न) आपका मतलब कुछ और है। वह मतलब मेरा नहीं है। पुलिस के पास एक कुत्तचा स्क्वैड होती हैं जो सूंघ करके बताती है कि मुलजिम कहां पहुंचा है। वह मुलजिम ग्याना गुरूद्वारे में पहुंचे हैं। हमारी इस बात की पूरी कोि ा ा है कि हम उन मुलजिमों को पकड लें।

**श्री राम बिला ा भार्मा:** अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री महोदय ने इस प्रस्ताव का जवाब देते हुए यह कहा है कि हरियाणा में स्थिति सामान्य है और यहां पर कोई आतंक नहीं है। यह तो इस बात से गलत साबित होती है कि हरियाणाा के एक हजार वकील 9 तारीख को ..... (व्यवधान व भाोर)

**श्री अध्यक्ष:** आप भाशण न करिये, सवाल पूछिये।

**श्री राम बिलास भार्मा:** एक बात यह है कि जगदी ा ड्राइवर मारा गया है जिसके छोटे छोटे बच्चे हैं। क्या उस गरीब ड्राइवर की तरफ भी मुख्य मंत्री जी कुछ ध्यान देंगे ? इसके अलावा मैं एक बात और बारत जानना चाहता हूं कि हमारे एक आनरेबल मैम्बर श्री रो ान लाल तिवाड़ी, जो इस सदन के सदस्य हैं, के घर में जो आग लगी थी, और जो घटनाएं पानीपत, कैथल और जींद में हुई हैं, यह किस सिलसिले में हुई हैं। क्यों हुई हैं, क्या इस बारे में कोई जुडीि ायल इंक्वायरी करवाने के आदे ा देंगे, वि ोशकर जींद और कैथल की घटनाओं की, ताकि सारी बातों का पता चल सके ?

**चौधरी भजन लाल:** अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि कैथल में बड़ी ही दुखदायी बात हुई है। मैंने खुद जाकर तिवाड़ी जी का घर देखा है। मैं मौके पर भी गया हूं। इसके लिये हम इन्कवायरी कर रहे हैं कि किसने यह गड़बड़ की है। जो भी दोशी पाया जायेगा, हम उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी करेंगे।

दूसरी बात इन्हौंने प्रदे ा में आतंक के वातावरण के बारे में कही कि यहां पर आतंक बना हुआ हैं यह बात ठीक है कि प्रदे ा में 4–5 दिन तक आतंक का वातावरण रहा है। वह पंजाब में जो कुछ हुआ था, उसकी प्रतिक्रिया में यहां पर हुआ है। मैं तो सबसे यह कहना चाहता हूं जैसा मैंने कल भी कहा था अब फिर यह कहता हूं कि हमें यहां का वातावरण ठीक रखना है, जो वहां के उग्रवादी लोग हैं, जो मुट्ठी भर लोग हैं, वे यह चाहते हैं। दे ा में बदअमनी फैले और हमारे इस प्रदे ा का वातावरण भी खराब हो। हमें अपने प्रदे ा का वातावरण ठीक रखने के लिए आपका भी सहयोग चाहिये। हमें प्रदे ा का वातावरण ठीक रखने के लिये आपके कोआप्र ान की भी आव यकता है। इसके साथ ही ड्राइवर के बार में उन्होंने कहा कि ड्राइवर की तरफ भी कुछ ध्यान देना चाहिए। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि हमने ड्राइवर के घर वालों को 10000 रूपये फौरी तौर पर दिये हैं। यह रूपये हमने उसी वक्त दिये हैं और भी उनकी सहायता करने के लिये मैंने कहा है। इसके अलावा मैंने यह भी किा है कि उनकी मिसीज को या उनके भाई को या उनके लड़के/लड़की को या जो भी उनका रि तेदार वे लगाना चाहें, उसको फौरन सर्विस भी दे दी जाये। इसके अलावा एक और बात हमने की है। जब तक उसी सर्विस बाकी है तब तक उसकी तनख्वाह भी उनको मिलती रहेगी। इसके अलावा हमने यह भी फैसला किया है कि इस किस्म की वारदात में चाहे कोई पुलिस का या दूसरा कर्मचारी मारा जायेगा, उसकी जितनी सर्विस बाकी है, उसकी उसको तनख्वाह मिलती रहेगी और

उसका एक लड़का या लड़की या उसकी घरवाली को सर्विस भी सरकार देगी।

**श्री फतेह चन्द विजः** मैं मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि यह जो कुछ लोगौं को इन्टैरोगेट किया गया है, कुछ लोग तो जमानत पर छोड़ दिये गये हैं कुछ कोर्ट के आर्डर पर छोड़ दिये गये हैं। यह आपके अपने प्रदे ा के हैं या बाहर से आये हुए हैं या बाहर से ही ट्रेनिंग लेकर आये हुए हैं। क्या इस किस्म की कोई इत्तलाह आप के पास है ?

**चौधरी भजन लालः** अध्यक्ष महोदय, हमने काफी आदमी पकड़े हैं। अगर डिटेल में बताऊंगा तो तफती ा में रूकावट आयेगी और बताना मुनासिब भी नहीं होगा। जब सारी पोजी ान साफ हो जायेगी तो सदन में सारी बातें हम आपके सामने बता देंगे।

**श्री मंगल सैनः** स्पीकर साहब, लोंगोवाल के विरूद्ध जो दे ाद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके बारे में उन्होंनें यह कहा है कि उनकी सेहत पर इस बात का कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्या इस बात के मद्देनजर आपने हाई कमांड से बात की है या करेंगे ?

**चौधरी भजन लालः** यह मामला हरियाणा सरकार से कोई संबंध नहीं रखता है। इस बारे में भारत सरकार जाने। हमारा इससे कोई सरोकार नहीं है।

## वर्श 1984–85 के बजट पर सामान्य चर्चा

**श्री अध्यक्षः** अब वर्श 1984–85 के बजट पर जनरल डिस्क ान भुरू होगी।

**श्रीमती चन्द्रावती (बाढड़ा):** जनाब यह जो बजट वित्त मंत्री जी ने हाउस में पे ा किया है, इसमें बजट एट ए ग्लांए में 139988 के जो आकंड़े दिये गये हैं, यह सब निरर्थक हैं। इसमें निरर्थक तुलना पिछले सालों की फिगर्ज से की गयी है। हमारी पर कैपिटा इंकम बढ़ी है। और हमारी प्रोडक्टिविटी में भी तरक्की हुई है। हमारे सामने जो बजट है। उसमें 46.83 करोड रूपये का घाटा है। उसको पढ़ने से और उसको देखने से ऐसी कोई बात नजन नहीं आयी जिससे कि प्रगति का पता चल सके। इसमें यह लिखा हुआ है कि होल सेल प्राईस सम्पूर्ण भारत में 11 डैसीमल कुछ बढ़ी है जब कि हमारे यहां इसकी तुलना में कम बढी है। लेकिन जो रिकार्ड है और अखबारों के एडीटोरिअलज हैं उन सब के हिसाब से तो 200 और 400 फीसदी तक नै ानल प्राईस बढ़ी है लेकिन अगर प्राईम मिनिस्टर बात करती है तो वह यह कहती है कि यह गलोबल फिनोमीना है। हमारी सरकार के लोग यह कहते हैं कि यह तो नै ानल चीज है। हमने तो यह देखना है कि हमारे प्रांत में किस चीज में बढ़ौतरी हुई है, किस चीज में नहीं हुई है। आज भी मैं यह समझती हूं कि अगर एक फीसदी लोगों को

निकाल दिया जाये तो हमारे लोगों की परकैपिटा इन्कम बिल्कुल भी नहीं बढ़ी है। इसी तरह से अनएम्पलाएमैंट की बात मैं करती हूं। मेरी पार्टी के ही श्री बलवीर सिंह ग्रेवाल का सवाल था। उस सवाल के जवाब में यह बताया गया है कि हमारे यहां 50000 बेरोजगाचरों की तादाद बढ़ी हैं, इसमें बी0ए0 हैं, एम0 ए0 हैं और कुछ दूसरे लोग भी हैं। मेरी यह बात समझ में नहीं आती कि फिर यह कैसे कहते हैं कि हमारी पर कैपिटा इंकम बढ़ी है। जब हम एग्रीकल्चरल प्राईसिज की बात करते हैं। उस बारे में बजट स्पीच के पृश्ठ 6 और 7 पर दो पन्नों पर दिया हुआ है। इन दो पन्नों 6 और 7 में यह दिया हुआ है कि हम बाढ की वजह से और नैचुरल कलैमिटीज की वजह से कुछ ज्यादा खर्च कर पाये हैं (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासनी हुए) इसी बात को इन्होंने दो जगह लिख दिया है। आपने यह नहीं देखा कि पिछले साल जब किसान बाढ़ में डूबा हुआ था, तो उसकी सरसों साढ़े तीन सौ रूपये क्विंटल बिकी लेकिन पिछले महीने ही मुझे पता चला है। इस वक्त का मुझे पता नही ंहै कि साढे नौ सौ रूपये क्विंटल तक बिकी है। इससे किसान को क्या फायदा हुआ है। इससे मिडल मैन को फायदा हुआ है। अगर इस वजह से आम आदमी प्रभावित होता है तो यह मैं नहीं समझ सकती कि इस बात को कैसे बजट में ठीक ढंग से कोट किया गया है या नहीं किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, इनका यह जो दो तरह का बजट है प्लान और नान प्लान इसका कम्पैरीजन करके में आपको बताऊंगी कि एस्टैबलि ामैंट पर आपका खर्च पहले की अपेक्षा 37 से 39 प्रति ात तक ज्यादा

हो जाता है। इस खर्च में हरियाणा में जो बोर्ड और पब्लिक सैक्टर अंडरटेर्किंज का खर्चा है, वह भाामिल नहीं है। हरियाणा के अंदर सरकारी मिलें लगी हुई हैं, उनका खर्चा भी इसके अंदर भाामिल नहीं है। इतना ज्यादा एस्टेबलि ामैंट पर खर्च होने के बाद आप मुझे बतायें कि क्या यह प्लान बजट है। मैं इस बजट में आपको बताना चाहूंगी कि कितनी फिजूल चीजों पर खर्च किया जा रहा है। लखनऊ में एक एम्पोरियम है। रैस्ट हाउसिज हैं। चण्डीगढ़ में भी बहुत से रैस्ट हाउसिज हैं, पंचकूला में भी बहुत से रैस्ट हाउसिज हैं। हरियाणा भवन के बारे में अगर मैं यह कहूं कि मैं यह समझती हूं कि उसका खर्च तो पता नहीं किस मद में डलते हैं, तो ठीक होगा। उसे तो एक सफेद हाथी के तौर पर बांधा हुआ है। इसी बजट के अंदर सड़कों का भी जिक्र किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि हम इस साल 200 किलोमीटर सड़कें बनायेंगे। इसके लिये ये 12 करोड़ रूपया खर्च करने जा रहे हैं मैं इस बार में यह बताना चाहती हूं कि 12 करोड रूपये में ही मुरम्मत भी होगी और नयी सड़कें भी बनेंगी। केवल 200 किलोमीटर सड़कें बनाने से क्या होगा। 90 कांस्टीच्यूएंसीज हैं। 90 के हिसाब से अगर एवरेज लगायें तो सवा दो किलोमीटर का हिस्सा एक कांस्टीच्यूएंसी का आता है। क्या यह डिवैल्पमैंट की बात है। कम से कम अगर 1500 किलोमीटर सड़क का आयोजन करते तो एक हल्के में कम से कम पन्द्र या सौलह किलोमीटर सड़क तो हिस्से में आ जाती। डिप्टी स्पीकर साहब, पहले की जो सडकें राज्य में हैं, वे टूट फूट गई हैं और कई जगह तो इतनी

टूट गई हैं कि दो दो फुट के गड्ढे हो गए हैं। उनके लिए इस बजट में कहीं कुछ आयोजन नहीं किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, इंफरमे ान और पब्लिसिटी के लिए तीस करोड़ रूपया रखा है। टी0वी0 के लिये और उसके पार्टस के लिए इन्होंने तीस करोड़ रूपया रखा हे। लेकिन आप दें खे कि जनरल और टैक्नीकल ि ाक्षा के लिए दोनों को मिला कर पब्लिसिटी के बराबर भी खर्चा नहीं रखा है। इन दोनों ि ाक्षाओं पर पब्लिसिटी के मुकाबले में कोई खर्च नहीं किया जाएगा। हां, एक चीज का पर्टिकुलरली जिक्र किया गया है। आर्ट एण्ड कल्चर के हैडिंग में लिखा है कि आदमपुर में एक पोलीटैक्नीक वगैरह स्कूल खोलेंगे। अच्छी बात है कि आदमपुर में स्कूल खोल रहे हैं लेकिन दादरी में क्यों न खोलें, महेन्द्रगढ़ में क्यों न खोलें, लोहारू में क्यों ने खोलें ? (विघ्न व भाोर)

**वित्त मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर):** बहन जी, आपने जो फिगर्ज तीस करोड पढ़ी है, वह तीस लाख हैं, तीस करोड़ नहीं है।

**श्रीमती चन्द्रावती:** ि ाक्षा का भी आप बता दीजिए।

**चौधरी कटार सिंह छोकर:** आपको सारे कागज दिए हुए हैं। आप उन कागजों को पढ़ लें।

**श्रीमती चन्द्रावती:** आप एक बात बता दीजिए कि ि ाक्षा के लिए कितना रखा है। उपाध्यक्ष महोदय, न्यू ऐक्सपैंडीचर फार

दि ईयर 1984–85 के पेज 107–109 तक इरीगे ान की एस्टेबलि ामैंट के लिए जो खर्चा दिखाया है। इसमें लिखा है –

"(XIV-6)

Continuation of the temporary posts of Chief Engineeres for the year 1984-85 – Rs. 209050 (non recurring)

(XIV-7)

Continuation of the temporary posts in Hathnikund Barrage Circle with its allied divisions during the year 1984-85 – Rs. 4376402 (non recurring)

(XIV-8)

Continuation of the temporary posts of Bhiwani Telegraph office, Bhiwani of W.J.C. West Circle, Rohtak, during the year 1984-85 – Rs. 17828 (non recurring)"

चार पांच पन्ने सिर्फ एस्टेबलि ामैंट की तनखाहें देने के लिए भरे पड़े हैं। इसमें कहीं जिक्र नहीं है कि हथनी बैराज बनाने पर इतना खर्चा करेंगे, नाथपा झाखड़ी के लिये इतना पैसा लगाएंगे और ताजेवाल बैराज पर इतना पैसा लगाएंगे। छोटे छोटे जोहड़ जैसे गुड़गांव में और दूसरी जगहों पर हैं, उनके लिए कोई प्रोवीजन नहीं किया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने इतना लाइफलैस और भाब्दों की जगलरी वाला बजट आत तक न पढ़ा है और न कभी हाउस में देखा है। इसमें किसी बात का जिक्र नहीं है। मैंने पिछली बार गांवों के बार में नौन औफि ायल बिल दिया था। गांव की तरक्की के लिए, गावं की सड़कों के लिए बांव में

सैनीटे ान के लिए और गांव में पीने का पानी मुहैया करने के लिए प्लान बनाने के लिए वह बिल मैंने दिया था। गांव की तरक्की के लिए, गांव की सड़कों के लिए गांव में सैनिटे ान के लिए और गांव में पीने का पानी मुहैया करने के लिए प्लान बनाने के लिए वह बिल मैंने दिया था। अंग्रेजों के वक्त गांव के अंदर लाल डोरा में जो जोहड़ थे, वे अब खड्डे बन गए हैं। उनमें फलड का पानी भर गया। पिछले साल सैस तो लगा दिया था लेकिन बजट में एक भाब्द भी नहीं कहा गया है कि गांवों में सैनिटे ान के लिये कुछ काम किया गया है। गांव की सड़कों के लिये, गलियों के लिये या गांव की बहन बेटियों के टट्टी जाने के लिए किसी तरह का आयोजन नहीं रखा गया है कि उनके लिए वहां पर पाखाने बनाए जाएंगे। मिलिटरी की तरह के सस्त पाखाने गांव में बनाये जाएंगे इस बात का भी इस बजट में कहीं कोई जिक्र नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने जो बिल भेजा था उसको स्पीकर साहब ने यह कहकर लौटा दिया कि यह बिल तो पास हो चुका है। पिछली बार एक एक्ट पास हुआ था .....

**Mr. Deputy Speaker:** Speaker does not come into the picture while discussing the Budget.

**श्रीमती चन्द्रावती:** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने गांव की डिवैल्पमैंट के बारे में एक योजना बनाने के बार में एक बिल भेजा था, वह उन्हौंने लौटा दिया। यह कहने में स्पीकर साहब की डिसरिस्पैक्ट की कोई बात नहीं है। सारा का सारा बजट तनखाहों

में जाने वाला है। गांव की बात मैं इसलिये कहना चाहती हूं कि हम सब गांव के रहने वाले हैं। भाहरों में हम स्कूल की बिल्डिंग बनाकर देते हैं लेकिन गांव में स्कूल की बिल्डिंग नहीं बनाई जाती। पंचकूला अभी पूरी तरह आबाद नहीं हुआ लेकिन वहां पर कालिज बन गया है। गांवों में बाढ़ के कारण जो बिल्डिंग खराब हो गई हैं, उनकी मरम्मत के लिये उनको ठीक करने के लिये क्या इन्हौंने एक पैसा भी बजट में रखा है ? डिप्टी स्पीकर साहब, बजट में किसी तरह का कोई पैसा नहीं रखा गया है। पब्लिक हैल्थ के लिए बहुत कम पैसा रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा में ज्यादाताचर इलाकों में ब्रैकि ा वाटर है, खारा पानी है। भाहरों में पानी भी आता है लेकिन उस पानी का आबियाना गांव के लोग देते हैं। जो पानी भाहर के लोगों को दिया जाता है, क्या कभी गांव के लोगों ने यह ि ाकायत की है कि उनकी सिंचाई का पानी भाहर के लोगों को दिया जाता है। उसके बदले में उनको और पानी मिलना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, इससे ज्यादा लाइफलैस बजट और क्या हो सकता है। इसमें कहीं 1970 से किसी बात का जिक्र कर दिया, कहीं 1981 से जिक्र कर दिया। 1981–82 की जो औडिटर जनरल की रिपोर्ट है, उसको तो ले लिया है लेकिन उसके बाद की रिपोर्ट नहीं भेजी जिससे कि हमें पता लग सके कि कितने पैसे का गबन हुआ है। इतना ही यह कह देते कि आइंदा पैसे का गबन नहीं होगा। हमने सुना है कि वाटर वर्क्स के लिए करोड़ों रूपये के पाइप्स मंगवा कर रखे हुए हैं। हमारे भिवानी जिले में पानी ले जोने के लिए सीमेंट के पाइप्स

इस्तेमाल किए जा रहे हैं। वे पाइप्स बहुत ही खराब और रद्दी हैं। क्या कभी किसी ने यह जानने का प्ररूतन किया है कि जिस तहर के सीमेंट के पाइप्स इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये ठीक भी है या नहीं है। अगर हम कोई बात कहते हैं तो मिनिस्टर साहब कह देत `हैं कि आने लिखा पढ़ी क्यों नहीं की। मेरा कहना तो यह है कि आप सारा राज्य चलाते हैं। तनख्वाह लेते हैं तो सुओ मोटो भी आपको कोई काम करना चाहिए। ( ाोर एवं व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट में 46 करोड़ रूपए का घाटा सरकार ने दिखाया है लेकिन उन्हौंने कहीं यह नहीं बताया कि इस घाटे को किस तरह से पूरा किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, कहीं इस बात के बारे में जिक्र नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं अभी गांवों का जिक्र कर रही थी उसको तो बिल्कुल बजट के पन्नों से उड़ा दिया है। इस बजट में कहा गया है कि जब से यह सरकार आई है तब से इस प्रदे ा की चहुमुखी तरक्की हुई है। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि इंडस्ट्री के लिए कितना पैसा रखा गया है। डी0आई0सी0 स्कीम के अंदर गांवों में इंडस्ट्रीज सैट अप की जाती हैं जिसके लिये गवर्नमैंट आफ इंडिया मदद देती हैं, उसका पैसा कम करके जो बड़े लोग हैं और जिनके लिए फाइनैंि ायल कार्पोरे ान बनी हुई है, उसको दिया गया है। यह कार्पोरे ान नेपोटिज्म और फवेरिटिज्म का अड्डा है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट में आपको कहीं भी इस सरकार की तरफ से कोई ऐसा उपाय नहीं दिखायी देगा जो कि एक जन साधारण को या गांवों के लोगों को राहत देने वाला हो। जो लोग अपना धंधा स्वयं

करना चाहते हैं। ऐसे लोगों को इस सरकार की तरफ से किसी भी किस्म की कोई राहत नहीं दी गयी है और न ही पढ़े लिखे बच्चों को इस बात का आ वासन दिया गया है कि हम आपको इम्पलायमैंट मुहैया करेंगे लेकिन नान प्रोडक्टिव इम्पलायमैंट जरूर दी है। अगर एक क्लर्क लगाएंगे तो 10 क्लर्क अपने रि तेदारो में से ही भर्ती कर लेंगे। अगर इनके रि तेदार यहां पर नहीं मिलेंगे तो यू0पी0, पंजाब और दिल्ली वगैरह से भी इकट्ठे करके लगा देंगे लेकिन हरियाणा के जो वासी हैं, उनको इम्पलायमैंट नहीं मिलेगी। मैं पीछे लखनऊ इम्पोरियम में गयी, वहां पर मैंने देखा कि कुल 64 आदमी वहां पर काम कर रहे हैं और हरियाणा से केवल 13–14 आदमी ही थी। बाकी सब दूसरी जगहों से ही थे। इसी तरह से चण्डीगढ़ में दो इम्पोरियम हैं, वे भी घाटे में जा रहे हैं और वहां पर एक भी चीज हरियाणा की बनी हुई दिखाई नहीं देती है। ऐसी बातों पर तो हमारी सरकार यूं ही फिजूल का खर्च कर रही है। तभी तो सरकार को हर क्षेत्र में घाटा ही घाटा हो रहा है। यूं ही इन पर इतना पैसा खर्च कर दिया, जिसका कोई आधार ही नहीं है। ऐसे फिजूल खर्ची होने वाली संस्थाओं को हटाया भी जा सकता है।

इसी तरह से डिप्टी स्पीकर साहब, फलड के बारे में भी जिक्र आया है लेकिन फल्ड पर कंट्रोल के लिये बहुत कम पैसे का प्रोवीजन किया गया है। जितना भाायद इस काम के लिये पैसा रख गया है, उससे तो रोहतक का नाला नम्बर 8 की भी सफाई

वगैरह का काम न हो सकेगा तो ये इतने पैसे से सारे हरियाणा के फलड पर कंट्रोल करना चाहते हैं। फलड के कारण से लोगों को बहुत दुख एवं मिजरीज उठानी पड़ती हैं और वह सिर्फ इस सरकार के कारण से ही ऐसा हो रहा है। अगर सरकार इस तरफ अपनी खास तवज्जोह रखे तो लोगो को हर साल इस मुसीबत का सामना न करना पड़े। उस नाला नम्बर आठ पर क्या हो रहा है कहीं छटाई नहीं की गयी, कहीं एक किलोमीटर पर थोड़ा सा काम कर दिया, कहीं पर नाम मात्र छोटी मोटी छंटाई कर दी, कहीं तीन किलोमीटर पर काम वैसे ही बंद पड़ा हुआ है लेकिन आज जिस तरह से हम लोग चाहते हैं। कि इस फलड के कार्य को जिस ऐमरजैंसी के साथ होना चाहिये वह नहीं हो पा रहा है। इस तरह से इस डिमांड में किसी भी प्रकार का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, दूसरी तरफ हमारे एडमिनिस्ट्रे ान के जो लोग बैठे हैं, भाायद उनको यह बात बुरी लगे कि अब उनको आल इंडिया लैवल पर घूमने के लिये भी आर्थिक सहायता दी गयी हैं। इस तरह का काम यह हरियाणा सरकार करने जा रही है।

डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय की तो राज्य के कामकाज में कोई रूचि है नहीं क्योंकि वे तो हर समय दिल्ली में ही बैठे रहते हैं और पीछे से उनका राजकाज सचिवालय में बैठने वाले अधिकारीगण ही कर रहे हैं। ( ाोर) इधर हमारे वित्त मंत्री महोदय भी बैठे हैं जिन्होंने यह बजट यहां पर पे ा किया

था, उनको फोटो वित्त सचिव सहित अखबार में भी आये हैं ..... ..... के फोटो भी अखबारों में मिनिस्टरों की भांति छपते हैं। ( ाोर एवं व्यवधान)

**श्री उपाध्यक्षः** यह नाम रिकार्ड न किया जाए तथा नाम एक्सपंज कर दिया जाए।

**श्रीमती चन्द्रावतीः** डिप्टी स्पीकर साहब, अगर वे विभागों से संबंधित हैं तो उनका नाम तो लेना ही पड़ेगा। अखबारों में आता रहता है कि आज वे फलां फलां जगह पर विजिट कर रहे हैं। यह काम तो पोलटीि ानों और मिनिस्टरों का है, अगर उन्हें इतना ही भाौक है तो वे पोलिटिक्स में आ जाएं, कभी हारें, कभी जीतें, तब उन्हें पता चलेगा ( ाोर एवं व्यवधान) एक ही तरह के लड्डू खाने से काम नहीं चलेगा।

इसेस आगे डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने नान असैंनि ायल प्लान पर 15 परसैंट का कट लगाया है और दूसरी तरफ वन मैन चेयरमैन, इलैक्ट्रोनिक्स का प्रिंसीपल सेक्रेटरी साहब को बना दिया गया है। यह तो एक टैक्नीकल संस्था है, टैक्नीकल चीज है। इसमें काम क्या हो रहा होगा। यूं ही इतनी सारपी भर्ती कर ली, लोग लगा लिये। इसी तरह से 20 सूत्री प्रोग्राम का बहाना बनाकर के अपने लोगों को भर्ती कर लिया है। क्या यह फिजूल खर्ची नहीं है ? मैं कल इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड की रिपोर्ट पढ़ रही थी, उसमें मैंने देखा कि कोई परसोनल आफिसर है, कोई

कैमिस्ट है, कोई चीफ पब्लिसिटी आफिसर है। इस तरह से इतना ज्यादा नान टैक्नीकल स्टाफ भर्ती कर रखा है, जिसकी हद ही नहीं है। आप ही बताएं डिप्टी स्पीकर साहब, फिर घाटा नहीं रहेगा तो और क्या होगा। एक लैक्टचरर भी है जो कि लैक्चर दिया करेगा कि तुम खराब तेल इस्तेमाल करो, कम कोयला इस्तेमाल करो, खराब कोयले का प्रयोग करो, वह इस तरह के काम देखा करेगा। क्या फायदा इस तरह की फौज भर्ती करने का जो कि कोई काम न करती हो। इसलिये सरकार को इस तरह से बचत करनी चाहिए।

**श्री उपाध्यक्षः** बहन जी, आप कृपया वाइंड आप करिये। अभी और बहुत से आपकी पार्टी के मैम्बर साहेबान बोलने वाले हैं। मेरे पास बहुत लम्बी चौड़ी लिस्ट है। आप कितना टाइम और लेंगी ?

**श्रीमती चन्द्रावतीः** अभी मुझे बोलते हुए काफी थोड़ा समय हुआ है मुझे कुछ समय और दें। ( ाोर)

**सेठ राम दास धमीजाः** डिप्टी स्पीकर साहब, जितने घंटे हैं, आप उसी हिसाब से ट्रैजरी और अपोजी ान में बांट दीजिये।

**श्रीमती चन्द्रावतीः** डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रही थी कि 15 परसैंट का जो कट लगाया है, वह बिल्कुल दिखावा मात्र ही है। जिस काम पर कट लगाने की आव यकता होती है, वहां पर तो कट लगायी नहीं जाती। मेरे एक सवाल का जवाब नहीं

दिया गया, उसको कंवर्ट कर दिया गया। नहीं तो उस समय मैं पूछती। मुख्य मंत्री महोदय कहते हैं कि टेलीफोन का बिल लाखों में होता है। अगर वे चण्डीगढ़ में ही हों तो यह खर्चा जो कि फिजूल को होता है, वह कम हो सकता है। इसी तरह से जो कारें वगैरह बाहर दिल्ली जाती हैं, उनके पैट्रोल का भी काफी खर्चा है। इन्होंने तो अपनी राजधानी दिल्ली को ही बना रखा है। मैं बताना चाहती हूं कि पहले जमानों में वजीर टैंटों में रहा करते थे। टैंटों में राजधानी होती थी लेकिन आज इस सरकार ने अपनी राजधानी चण्डीगढ़ की बजाये हरियाणा भवन दिल्ली में बना रखी है जिसके कारण से ये सारे फिजूल के खर्चे हो रहे हैं जो कि बिल्कुल निराधार हैं। ऐसे खर्चों को अगर सरकार चाहे तो कम किया जा सकता है जो लोग दूसरे इनके साथ जाते हैं, मिनिस्टरों के साथ जाते हैं, उनकी भी टी0ए0/डी0ए0 देना पड़ता है। कारों का खर्चा भी अलग से होता है इसके अलावा और भी कितने दूसरे इनके खर्चे हैं। मैं किस किस का यहां पर जिक्र करूं। डिप्टी स्पीकर साहब, जैसे नीरो बंसरी बजा रहा था और रोम जल रहा था। उसी तरह से उधर हरियाणा में हर लिहाज से हर क्षेत्र में जनता दुखी है, इधर से दूसरी तरफ अपनी ऐ ाो इ ारत बनाये इधर उधर घूमते रहते हैं और पब्लिक का खून पसीने का पैसा यूं ही बरबाद कर रहे हैं। इनको रोकने वाला कोई नहीं हैं।

इससे आगे सायल कंजरवे ान के बारे में भी मैं कहना चाहती हूं। मैं पहले जब ज्वायंट पंजाब में मैम्बर होती थी तो हम

क्या देखते थे कि सरकार का इस तरफ बड़ा ध्यान होता था और सरकार पूरी तरह से किसानों की हर लिहाज से मदद किया करती थी ताकि किसी किस्म की गरीब किसानों को और लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। ज्वायंट पंजाब के समय में ब्लाक्स में ट्रैक्टरों से सरकार जमीनों को ठीक करवाने का काम अपने हाथ में लेती थी ताकि गांव के लोगों को सरकार द्वारा सुख सुविधा मिल सके। जिन लोगों के पास अपनी जमीन को का त करने के लिए बैल वगैरह भी न होते थे, उनको भी सरकार इस तरह की सहूलियतें देती थी ताकि लोग अपनी का त आसानी से खुद कर सकें। जिनकी जमीन ऊंची नीची थी और उबड़ खाबड़ होती थी, उसको भी ठीक करवाने का सरकार का ही दायित्व होता था। लेकिन आज यहां पर क्या हो रहा है। किसी ट्रैक्टर का इंजन बेच दिया, किसी का कुछ बेच दिया और स्वयं पैसे खा गये। ये जो काम मैंने बताए हैं, इस वक्त हमारी सरकार किसानों के लिये कुछ नहीं कर रही है जिसके कारण से लोग बेहद दुखी हैं। न हो ऐसे कामों को करने के लिये सरकार ने कोई स्कीमें ही बनायी हैं कि जो जमीन कल्लर हो गयी है उसको कैसे ठीक करवाएंगे।

इसके बाद जंगलात की बात है। मैं यह बात हाउस के सामने जिम्मेदारी के साथ कहती हूं कि पोलिथीन बैगज के ऊपर बहुत बेदर्दी के साथ पैसा खर्च किया जा रहा है। बिना काम के ये बैगज खरीद के लाखों रूपया फिजूल खर्च किया जा रहा है। मैं

चाहती हूं कि इस बात की इंक्वायरी हो कि यह पैसा क्यों खराब किया जा रहा है। ईमानदार लोगों को तो किनारे लगा दिया जाता है और जिनको अधिकार नहीं मिलना चाहिए उनको अधिकार दे दिया जाना जाता है। थोड़े दिनों में कस्बों में गरीब लोगों की यह हालत हो जाएगी कि उनको रोटी बनाने के लिए, चूल्हा जलाने के लिए और सर्दी में घर में तापने के लिए लकड़ी नहीं मिलेगी। मिट्टी के तेल की तो पोजी ान आपको पता ही है कि कितना मिल रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि क्या कही आपने यह आयोजन रखा है कि जो लोअर मिडल क्लास के लोग हैं, उनके लिये ईंधन का क्या इंतजाम है ? क्या आपने इस बारे में कभी सोचा है या बजट में इसके लिये प्रोवीजन रखा है ? छोटे आदमियों के लिये कौन सोचे। बड़े लोगों के लिये तो गैस के चूल्हे हैं। इन्हीं के हिसाब से आपने कह दिया कि हमारी पर कैपिटा इंकम बढ़ गई। गरीब आदमियों को उनके साथ नहीं मिलाया। फिर आपने लिख दिया कि हमने 65 हजार एक्स सर्विस मैन को पैं ान देने का प्रोवीजन रखा है। पहले इनके लिए 24 परसैंट रिजर्वे ान थी अब उसे घटा कर 16 परसैंट कर दिया है। उनकी 16 परसैंट पूरी भर्ती नहीं होती। इस तरह से एक्स सर्विस मैन के साथ भेद भाव किया जा रहा है। आपको मालूम है कि हरियाणा में कोई भी तहसील ऐसी नहीं है जिसमें किसी न किसी घर में कोई एक्स सर्विस मैंन न हो। मेरा पूरा जिला फौजी कहलाता है। अगर हम फौज में न होते फिर इनकी पर कैपिटा इंकम देखते क्या होती। इस सरकार ने लोगों को कर्जों से लाद

दिया है। कुरूक्षेत्र और अम्बाला जिलों में इस वजह से किसानों की फसल नीलाम हो जाती है। हमने कई बार कहा कि किसानों को राहत दो लेकिन क्या इस बजट में वित्त मंत्री ने किसानों को कहीं राहत दी है ? इन्होंने गेहूं की कीमत बढ़ाई है। वह भी एक फीसदी से कम बढाई है। दूसरी तरफ आप खाद की कीमत देखें कि कितनी बढी है। खाद की कीमत डेढ गुना बढी है और फिर भी अच्छी खाद नहीं मिलती। मुख्य मंत्री जी मेरे को कह रहे थे कि आप इस बारे में लिख कर दें। मैंने लिख कर दिया हुआ है कि कुछ कारखानों में सब स्टैंडर्ड खाद बनती है। जो कि गांव के जमींदारों को सप्लाई को जाती है। मेरे तो यहां तक याद है कि उस चिट्ठी का मुझे अभी तक जवाब भी नहीं दिया गया है। मैंने बाकायदा तथ्यों के साथ चिट्ठी लिखी थी। इसके बाद मैं मलेरिया पर आती हूं। मलेरिया की रोकथाम के लिए इन्होंने बहुत ही कम पैसा रखा है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप भी गांव के रहने वाले हैं और हम में से भी ज्यादातर सदस्य गांवों के ही रहने वाले हैं। आपको पता है गांवों में यह बीमारी कैसे फैलती है। एक मलेरिया तो इस किस्म का है कि उससे तीन दिन में आदमी मर जाता है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इसकी रोकथाम के लिए कोई इंताजम नहीं है। आज दवाईयों में भी एडलट्रे ान हो रही है। किसी दवाई से आदमी तो चाहे मर जाए लेकिन उससे मच्छर नहीं मरता। आपके जो हस्पताल हैं, उनमें पटटी तक नहीं मिलती। पर्ची काट कर दे देते हैं कि लो जाओ बाजार से ले लो। मैंने देखा है कि इन्होंने प्राइमरी हैल्थ सैंटरों के लिये भी कोई ध्यान

नहीं दिया है। यह इसलिये नहीं किया क्योंकि इन पर खर्चा ज्यादा आता है। अगर ये नये हैल्थ सैंटर खोलेंगे तो वहां पर दवाईयां भी भेजनी पड़ेगी। इन्होंने नये नये नाम रख कर सब डिस्पैंसरिया भाुरू कर दी हैं लेकिन वित्त मंत्री जी ने इसके लिये बजट में कुछ भी नहीं रखा है। (घंटी) आपने नये हस्पतालों में डाक्टर लगाने के लिये क्या किया है और मैडीकल कालेज में नये इक्विपमैंट देने के लिए कितने बजट का प्रावधान किया है ? इसमें एक नई ब्रांच खोलने के लिए गवर्नमैंट आफ इंडिया से पैसा आना था उसका क्या हुआ ?

इसके बाद मैं डेरी डिवैल्पमैंट पर आती हूं। आप हमारे रोहतक के मिलक प्लांट को लें। वहां पर जितना दूध प्रोसैस हो सकता है उसका दसवां हिस्साच भी वहां नहीं आता। वह इस वजह से नहीं आता कि किसानों को उनके दूध की पेमैंट नहीं होती। सरकार के पास और लोगों को तो देने के लिए पैसा है लेकिन किसान के दूध के लिए पैसा नहीं है। गुजरात में अमूल इसलिये चल रहा है कि वहां के किसान के पास अगर दो किलो दूध है तो वह उसे भी लेकर आ जाता है। हमारे यहां एस्टेब्लि ामैंट के खर्चे के अलावा और कोई खर्चा नहीं है। इनको हमारी यह बात बुरी लगती है कि यहां पर क्रप ान है। मैं कल क्रप ान की बात कर रही थी तो एक एम0एल0ए0 मुझे कहने लगा कि आपने भी पार्टी का पैसा इकट्ठा किया है। मैंने कोई पैसा इकट्ठा नहीं किया। .....

**श्री उपाध्यक्षः** अंधे वाली बात रिकार्ड में नहीं आएगी।

**श्रीमती चन्द्रावतीः** डिप्टी स्पीकर साहब, जो लोग खदु क्रप ान करते हैं उनको सारे ही क्रपट नजर आते है।। सरकार ने 31 मार्च तक कुल ऋणच 730 करोड 66 लाख रूपये देना है। मुझे समझ नहीं आती कि ये इस पैसे का ब्याज देंगे या प्लान पर खर्च करेंगे। इतना ब्याज देकर दूसरों कामों पर खर्च करने के लिये इनके पास पैसा कहां से आएगा। मैं इतनी बात कहना चाहती हूं कि प्लान के लिए चाहे इरीगे ज्ञन का महकमा है या सडकों का है या ट्रांसपोट्र का है, ज्यादा पैसा चाहिए। आप ट्रांसपोर्ट का ही देखें। लोगों को बसों में कितना र ा रहता है। गर्मियौं में तो लोग सामान की तरह पैक हो जाते हैं। इस चीज को देखते हुए इनको पअना फलीट बढाना चाहिए लेकिन बजट में तनखाहों का पैसा है। इसमें नान प्लान के लिए पैसा जरूर है लेकिन ऐसी बात कोई नहीं है कि हरियाणा की डिवैल्पमैंट के लिये कोई काम किया जाएगा। इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करती हूं।

12.00 बजे।

**चौधरी नर सिंह ढांडा (पाई):** डिप्टी स्पीकर साहब, वित्त मंत्री ने जो 1984–85 का बजट पे ा किया है यह लाइफलैस बजट है। इसलिये मैं इसका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हू। इस बजट के अंदर वही खर्चा दिखा गया है जो पिछले बजट में

सारे हरियाणा का खर्चा दिखाया गया था। पिछले बजट के अनुसार इस सरकार ने आगे आने वाले साल के लिए यह बताया है कि हम इतना खर्चा कना चाहते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार ने पिछले एक साल में कोई नहीं नई योजना तैयार नहीं की। इन्होंनें जो बजट पे ा किया है वह यह बताता है कि हरियाणा सरकार विकास के कार्यों को करने में असमर्थ है। इस बजट में इस सरकार ने 70 करोड रूपया सिंचाई की सुविधाओं पर खर्च करन के लिये रखा है और 3.63 लाख हैक्टेयर जमीन की सिंचाई करने की योजना बनाई है। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार जिस तरीके से सिंचाई पर पैसा खर्च कर रही है उसे साफ जाहिर है कि इस सरकार की सिंचाई की सुविधाओं पर पैसा खर्च करने की नीयत और नीति में काफी फर्क हैं। हरियाणा सरकार यह बिल्कुल नहीं सोचती कि जितने अपोजी ान मैम्बर्ज के हलके हैं, उनमें भी कोई विकास के काम किये जाएं। अपोजी ान के मैम्बर्ज के हल्कों में विकास के कार्य बिल्कुल भी नहीं किए जाते हैं। यदि अपोजी ान के मैम्बर्ज अपने हल्कों में काम कराने के लिये किसी सरकार अफसर या कर्मचारी से कहते हैं तो वे सरेआम खुल्लमखुल्ला यह जवाब देते हैं कि हमारे ऊपर सरकार का दबाव है इसलिये कांग्रेस मैम्बर्ज के हल्कों में विकास के कामों पर ज्यादा पैसा खर्च किया जाएगा। उनके ऊपर कांग्रेसी एम0एल0एज0 यह दबाव भी डालते हैं कि हमारे हल्कों में ज्यादा पैसा खर्च किया जाना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहूंगा कि कैथल से जींद

को सड़क जाती है। उस सडक से जाने वाला हर व्यक्ति देखता है, हजारों एकड़ जमीन जो कि बंजर नहीं है बिल्कुल समतल जमीन है और बहुत सालों से वैसे ही पड़ी हुई है, उसके लिए सिंचाई का कोई साधन इस सरकार ने नहीं बनाया है। पिछले बजट में भी इस बात का आ वासन दिया गया था और यह कहा गया था कि उस जमीन के विकास के लिए पैसा दिया गया है और उसकी सिंचाई के लिए एक नहर निकाली जाएगी। नहर के लिए पैसा भी मंजूर करवाया गया है लकिन आज तक इस सरकार ने वहां पर नहर निकाले जाने के बारे में नहीं सोचा है। डिप्टी स्पीकर साहब, हजारों एकड़ जमीन वैसे ही पडी है। बहुत अच्छी जमीन है बिल्कुल समतल जमीन है लेकिन यह सरकार उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। वह जमीन कठाणा, गुलाणा, सोंगरी, रोहेड़ा, खेड़ी सन्दलवाड़ी और किछाणा गांवों के बीच में पडी हुई है। उस जमीन की तरफ सरकार की तरफ से कोई ध्यान देने की कोि ा ा नहीं की जता रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह सरकार सिंचाई के कामों के एिल पैसा मंजूर करवा लेती है लेकिन उन कामों को करने में असमर्थ रहती है। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि सिंचाई की सुविधाओं की तरफ सरकार की नीयत ठीक नहीं होगी तो बजट में इतना पैसा खर्च करने से जनहित का कार्य नहीं हो सकता है। इसके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह बात भी कहना चाहता हूं कि राजौंद डिस्ट्रीब्यूटरी का एक बहुत लम्बा चौडा क्रस्ट है उसको तोड़ दिया गया है। मैंने यह बात ग्रिवैंसिज कमेटी की मीटिंग में भी उठाई थी। हमारे

ि ाक्षा राज्य मंत्री श्री जगदी ा नेहरा भी उस समय वहां पर मौजूद थे मैंने यह सवाल उठाया था कि वह क्रस्ट क्यों तोड दिया गया जबकि वह इनती बडी डिस्ट्रीब्यूटरी है। उस समय वहां पर एक अफसर एक्स0ई0एन0 बैठे हुए थे जिनका मैं नाम नहीं लेना चाहूंगा। उन्होंने यह कहा कि he is emplowered to do like that. उसने यह बात नेहरा साहब के सामने कहीं थी जबकि रजवाहे की रीमोडलिंग सिवाय चीफ इंजीनियर या एस0ई0 के कोई दूसरा अफसर नहीं कर सकता। डिप्टी स्पीकर साहब, क्या सरकाचर बता सकती है कि एक्स0 ई0 एन0 को क्रस्ट तोड़ने की पावर है, क्या वह एक्स ई0एन0 उस क्रस्ट को तोड़ सकता है ? यह सरकार चाहे उसकी इंक्वायरी करके देख ले वह क्रस्ट आज भी यों का यों टूटा हुआ पडा है। जिन लोगों को उस रजबाहे से पानी मिल जाता था आज उनको वह पानी नहीं मिल पाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह बिल्कुल सच्ची बात कह रहा हूं। आज भी वह क्रस्ट टूटा पड़ा है।

**ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा):** डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अभी माननीय सदस्य ने यह कहा है कि उन्होंनें ग्रिवैंसिज कमेटभ की मीटिंग में क्रस्ट के बारे में सवाल उठाया था कि उस डिस्ट्रीब्यूटरी का क्रस्ट क्यों तोड़ दिया गया। वह यह बात गलत कह रहे हैं इन्होंने उस मीटिंग में यह बात नहीं कही थी। आज हाउस में यह बात उन्होंने उछालने

के लिये कही है , इसलिये मेरा निवेदन है कि यह बात एक्सपंज होनी चाहिए। ( ाोर एवं विघ्न)

**चौधर नर सिंह ढांडाः** डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बिल्कुल सही बात कह रहा हूं कि आज भी वह क्रस्ट टूटा पड़ा है। नेहरा साहब, ने जो प्वायंट आफ आर्डर किया है, इस बारे में मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा कि क्याच उस डिस्ट्रीब्यूटरी के क्रस्ट को तोड़ने के लिये कोई लिखित आर्डर किए गऐ थे ? अगर लिखित आर्डर नहीं किए गए तो उस एक्स0ई0एन0 की जिसने जुलाई या अगस्त में रिटायर होना है, नीयत कैसे खराब हो सकती है ? इसके साथ साथ मैं एक बात यही कहना चाहूंगा कि जखौली डिस्ट्रीब्यूटरी में ब्रीच हुआ था लेकिन उसको कट लिख दिया गया। उस डिस्ट्रीब्यूटरी में ब्रीच होने के कारण लगभग 300 एकड जमीन में पानी भर गया और उस जमीन में जितनी भी फसल खडी थी वह सारी की सारी बरबाद हो गई। उस डिस्ट्रीब्यूटरी में ब्रीच हुआ लेकिन उसको कट लिख दिया गया जिसके कारण 300 एकड से ज्यादा जमीन बरबाद हो गई। किसानों की जमीन बरबादी होने के कारण किसान चिल्लाए। वे किस लिए चिल्लाए ? वे इसलिये चिल्लाए उनको यह डर था कि उनके ऊपर तावाना आएगा इस सरकार की मुआवजा देने की बात तो दूर रही। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको बताना चाहूंगा कि आज तक उन किसानों के बारे में इस सरकार ने कुछ नहीं किया और जो कट का केस है उसको देखने के लिये आज तक कोई भी अफसर नहीं

गया है। मैं यह कहना चाहूंगा कि जिन सरकार कर्मचारियों ने यह गलत काम किया है। उनको सस्पैंड किया जाना चाहिए था और उन किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए था लेकिन इस बारे में कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह से डिप्टी स्पीकर साहब, ड्रेनेज का सिस्टम है। कैथल के एरिया में एक कसान ड्रेन है जो रमाणा गांव से निकल कर करोड़ा भाणा होते हुए सोंगल गांव में जाकर खत्म हो जाती है। डस ड्रेन का पानी 6 फुट ऊंचा ले जाने के लिये उसमें पम्पिंग सैट लगाए गए है। सरकार ने जहां पर उसके अंदर पम्पिंग सैट लगाए हैं, वहां पर पानी नहीं पहुंच पाता है। और 6–6 फुट पानी किसानों के खेतों में खड़ा रहता है। अभी बताया गया था कि उस ड्रेन के साथ एक लिंक ड्रेन निकाली जाएगी तो कसान गांव तक जाएगी यह लिंक ड्रैन बिल्कुल गलत निकाली जा रही है। सरकार की कितनी गलत नीयत है। वहां जो ड्रेन निकाली जानी है वह कसान गांव से आगे चल करके जहां तक वे ड्रेन जाएगी वहां से सिर्फ एक किलोमीटर दूर बालू ड्रेन पड़ती हैं, सुदगण डिस्ट्रीब्यूटरी में नीची जगह पर जा करके आराम से उस पानी को निकाला जा सकता है लेकिन उस ड्रेन को कसान में ही खत्म किया जाएगा। पहले जहां सोंगल भाणा और करोड़ा डूबते रहे हैं आज कसान जखोली और सोंगल डूबेंगे। सरकार चाहे वहां के अफसरों से इसकी रिपोर्ट ले ले और इंकवायरी करवा लें, यह ड्रेन सरासर गलत निकाली ज रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सिंचाई मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वे इस बात की तरफ ध्यान दें। जो 70 करोड रूपया सिंचाई विभाग

के लिये लिया जाएगा, उस पैसे में से कुछ पैसा उस ड्रेन की फलड से पहले पहले सफाई करने पर खर्च किया जाना चाहिए। वह ड्रेन कच्चे रास्तों पर बिल्कुल टूटी पडी है। और उसके ऊपर कोई पुल भी नहीं है। इस ड्रेन में पानी आने की बजाये सारा पानी किसानों के खेतों में खड़ा रहात है। इसके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, मैं ि ाक्षा के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। वित्त मंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच में यह बताया है कि करोडों रूपया नेहरा साहब ि ाक्षा के बारे में अगले साल में खर्च करेंगे। नेहरा साहब तो सदन में नहीं बैठे हैं, मैं वित्त मंत्री जी को कुछ बातें बताना चाहूंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, जहां कहीं भी नई ट्रेनिंग या इंस्टीच्यू ान्ज खोली जाती हैं, वे सारी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के हल्कों में खोली जाती हैं। चन्दा सिंह जी के हल्के में, नेहरा साहब के हल्के रोड़ी में ाऔर कोल में जहां के कांग्रेस पार्टी के एम0एल0ए0 हैं, उन इलाकों में ट्रेनिंग इंस्टीचयू ांज खोली जाएंगी। डिप्टी स्पीकर साहब, जहां कांग्रेस पार्टी के हल्के होंगे, उनको यह छूट होगी कि वे पांच हजार, 10 हजार रूपया लें और ट्रेनिंग इंस्टीच ून्ज खुलवाएं। जब यह पूछा जाता है कि उन ट्रेनिंग इंस्टीच्यू ांज में फर्स्ट क्लास लड़कें क्यों नहीं लियें जाते तो कह दिया जाता है कि वहां का एरिया बैकवर्ड एरिया है। इसके अलावा जब स्कूलों को अपग्रेड करने का जिक्र आता है, उस समय कह दिया जाता है कि अपोजी ान हल्कों में दो स्कूल से ज्यादा अपग्रेड नहीं होंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, पाई हल्के में पिछले दो साल से लगातार कोई स्कूल भी प्राइमरी स्कूल से मिडल स्कूल

और मिडल स्कूल से हाई स्कूल अपग्रेड नहीं किया गया है जबकि आदमपुर हल्के में 32 स्कूल अपग्रेड किए गए थे। आदमपुर हलके में 19 प्राइमरी से मिडल स्कूल अपग्रेड किए गए और 13 मिडल से हाई स्कूल अपग्रेड किए गए। जब इनसे यह कहा जाए कि ऐसा क्यों किया गया है, पाई हल्के में स्कूल अपग्रेड क्यों नहीं किए जातने तो कह दिया जात है कि पाई हल्का बहुत फारवर्ड हल्काच है और मुख्य मंत्री जी का एरिया बैकवर्ड एरिया है। चौधरी भजन लाल जी पहली बार जब मुख्य मंत्री बन कर आए तब भी इनका एरिया बैकवर्ड एरिया रहा है और स्कूल भी अपग्रेड होते रहे हैं और अब की बार ये मुख्य मंत्री हैं, तो इस बार भी इनके स्कूल अपग्रेड होते रहेंगे और इनका एरिया भी बैकवर्ड एरिया बना रहेगा। हरियाणा का सारा बजट वहां पर थोपा जा रहा है। जहां पर स्कूल अपग्रेड करने की आव यकता है वहां पर स्कूल अपग्रेड नहीं किए जाते। मेरे हल्के में एक भाना गांव है। उस स्कूल में 900 बच्चे पढ़ते हैं। इस गांव की आबादी भी तकरीबन 15–16 हजार के आसपास है। लेकिन इस गांव में हाई स्कूल नहीं बनाया जा रहा। मंत्री लोग गांव में जाते हैं और आ वासन देकर वापिस आ जाते हैं। हम पूछते हैं कि इस स्कूल को अपग्रेड करने का जो क्राइटेरिया है, उसमें यह नीीं आता। क्राइटेरिया यह है कि हाई स्कूल के लिये 11 एकड जमीन चाहिए और बिल्डिंग के लिए 20 कमरे चाहिए। यदि गांव के लोग इकट्ठे होकर 2–2 या 5–5 लाख रूपया जुटाते हैं तो फिर भी स्कूल की बिल्डिंग को पूरा नहीं कर पाते। हरियाणा सरकार का स्कूल है, इसमें लोगों का

क्या कसूर है। गांव के लोग गरीब हैं। वे मेहनत करके बड़ी मुि कल से दे ा के लिए अन्न पैदा करते हैं। लेकिन उनके बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं मिलता। सरकार ट्रेनिंग इंस्टीच्यू ान खोलती है, उसके अंदर गरीब आदमियों के बच्चों को नहीं लिया जाता।

**श्री उपाध्यक्षः** आपका समय 2–3 मिनट रह गया है, इसलिये आप जल्दी से अपनी बात कह लें।

**चौधरी नर सिंह ढांडाः** डिप्टी स्पीकर साहब, मैं भवन तथा सड़क विभाग का जिक्र करना चाहता हूं। जहां तक इस विभाग का सवाल है। मेरे हल्के के अंदर चार साल के दौरान कोई भी बिल्डिंग नहीं बनी। चार सालों का जिक्र मैंने सवाल में भी किया था और पूछा था कि मेरे हल्के में स्कूल की बिल्डिंग क्यों नहीं बनी। इसका उत्तर देने में मंत्री जी असमर्थ हैं। कहते हैं कि बडा लम्बा चौडा ब्यौरा है इसलिए पूरा ब्यौरा कांस्टीच्यूएंसी वाईज नहीं दे सकते। इनकी इन्टैं ान बैड है, क्योंकि इनकी नियत ठीक नहीं है। मैंने पाई हल्के के संबंध में जानने के लिये एक सवाल जनवरी 1980 से लेकर 31 जनवरी 1984 तक का चार साल के पीरियड का पूछा था। मैंने पूछा था कि इस चार साल के दौरान कितना पैसा स्कूलों की इमारतें बनाने के लिये खर्च किया गया। लेकिन इन्होंने कोई ब्यौरा नहीं दिया गया, क्योंकि पाई हल्के के अंदर 3–4 साल के दौरान कोई बिल्डिंग तैयार नहीं की

गई है। मेरे हल्के के अंदर जो सड़कें 1980 में बननी भाुरू हुई थी, उस पर आज तक पूरा रोड़ा भी नहीं डाला गया।

बजट के अंदर राजस्व विभाग के लिए करोडों रूपये रखे गए हैं। बजट के अंदर ओला वृश्टि का भी जिक्र किया गया है और ओलों के लिए करोड़ों रूपया सरकार ने 1984–85 में बजट के अंदर रख दिया। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे हल्के में पीछे तीन गांवों के अंदर ओला वृश्टि हुई थी। इन तीना गांवों का ओला वृश्टि का केस बना कर सरकार को दिया गया था। लेकिन सरकार यह बात भी बताने में असमर्थ है कि यह पैसा क्यों नहीं दिया जा रहा। एक गांव का केस 60 हजार रूपये का था, दूसरे गांव का केस 10 हजार रूपये का और तीसरे गांव का केस 11 हजार रूपये का था। हम बार बार पूछते रहे कि हमारे केस का क्या हुआ ? जवाब मिला कि तीन गांवों में ओला वृश्टि कैसे हुई। डिप्टी स्पीकर साहब, यह तो नैचुरल कैलेमिटी है, कहीं पर भी हो सकती है। जब पाई हल्के के तीन गांवों को जिक्र आता है तो कहते हैं कि यह असंभव बात है कि यहां पर ओलावृश्टि हुई है। किसान चिल्लाए और बार बार चक्कर लगाया और सिफारि ा की तो अब यह कहने लगे कि स्पै ाल गिरदावरी नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहूंगा कि क्या गांव के लोग खुद स्पै ाल गिरदावरी करेंगे ? क्या गिरदावरी करवानी सरकार की डियूटी नहीं है ? जब डी0सी0 और एस0डी0एम0 ने केस बना कर दे दिया तो फिर मुआवजा देने में क्या अड़चन है ? इसी प्रकाचर से बजट के अंदर

स्वास्थ्य और जन स्वास्यि के लिए भी पैसा रखा गया है। हस्पतालों के अंदर दवाइंया देने के लिये एक अलग से कमरा बनाया जाता है। जब गरीब लोग डाक्टरों के पास दवाइयां लेने के लिये जाते हैं तो कहते हैं कि दवाईयां नहीं हैं। जबकि इसके विपरीत वी0आई0पीज0 को दवाइयां देने का इंतजाम रखते है। सरकार को इस बात की जांच करवानी चाहिए कि डा0 कितने डाके मार रहे हैं। लेकिन गरीब बच्चों के लिए हस्पतालों से दवाई नहीं मिलती। गरीब आदयिमों कह दिया जाता है कि पैसे ले आओ। जब बेचारा वह पैसे लेने जाता है और वापस आता है तो इस दौरान उसका मरीज बीच में ही दम तोड़ देता है। हस्पतालों के अंदर जो पैसा दवाइयों के लिऐ दिया जाता है वह उचित जगह नहीं जा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए।

**श्री उपाध्यक्षः** आपका समय हो गया है, आप बैठ जाएं।

**चौधर नर सिंह ढांडाः** डिप्टी स्पीकर साहब, आपने मुझे बोलने के लिये बहुत थोड़ा समय दिया है। अंत में मैं कहना चाहूंगा कि हरियाणा में बजट का जो पैसा दिया गया है वह एक चलती चलाई चीज को ही दिया जा रहा है। (घंटी) इतना ही कहते हुए और इस बजट का विरोध करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

**श्री अमीर चन्द मक्कड़ (हांसी):** डिप्टी स्पीकर साहब, जो बजट वित्त मंत्री जी ने हाउस में पे ा किया है, मैं उसका

समर्थन करने कै लियें खड़ा हुआ हूं। बजट के अंदर विकास के बोर मे भी जिक्र किया गया है। मैं सबसे पहले विकास के बारे में ही अपनी बात हाउस के सामने रखना रखूंगा। हरियाणा सरपकार की नियत विकास के बारे में बहुत अच्छी है। सरकार ने विकास को बढ़ावा देने के हर तबके को चाहे वह बैकवर्ड क्लास है या हरिजन है, काम दिया है।

**श्री मनफूल सिंहः** आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार ने हरिजनों के लिये कितना बुरा काम किया हुआ है। ये हरिजनों को सर्विस देते हैं। पोस्ट में लिखते हैं कि स्वीपर–कम–चौकीदार। इस प्रकार ये हरिजनों से स्वीपर का भी काम लेते हैं और चौकीदार का भी काम लेते हैं। काम दो दो लेते हैं और बात हरिजनों की करते हैं।

**श्री उपाध्यक्षः** मैंने आपकी बात सुन ली है। आप बैठ जाएं।

**श्री मनफूल सिंहः** डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा और आपका एक ही जिला है। मुझे अपनी बात कह लेने दें। ये हरिजनों का नाम लेते हैं। हम यह बात सुनना नहीं चाहते।

**श्री अमीर चन्द मक्कड़ः** मेरे साथी हरिजनों का नाम सुनना पता नहीं क्यों पसंद नहीं करते। डिप्टी स्पीकर साहब, वित्त मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया है, वह बहुत सराहनीय बजट है। इस बजट के अंदर और स्टेटों के बजट के मुकाबले में बहुत कम

घाटा दिखाया गया है। इसका कारण यही है कि हरियाणा विकास की ओर लगातार बढ़ रहा है। हरियाणा के अंदर दूसरे प्रदे ाों के लोग आकर इंडस्ट्रीज लगाने के इच्छुक हैं। इसका सबसे बडा कारण यह है कि यहां पर अमन और भाान्ति कायम है। यहां पर पजाब की जिक्र भी बराबर आ रहा है। इस संबंध में यह कहना चाहता हूं कि पंजाब के लोग भी अब हरियाणा में अपनी इंडस्ट्रीज लगाना पसंद करते हैं और दूसरे सूबों से भी लोग आकर यहां पर इंडस्ट्रीज लगाना चाहते हैं या लगाने के इच्छुक हैं। जैसा कि मैं पहले ही जिक्र कर चूका हूं। इसी के परिणामस्वरूप हरियाणाा चहुंमुखी विकास कर रहा है। (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी रो ान लाल आर्य, पदासीन हुए।) चेयरमैन साहब, हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रांत है। हरियाणा कृशि पर ही ज्यादातर निर्भर करता है। कृशि के लिए सरकार ने सिंचाई की काफी सुविधा पहुंचाई हैं। सरकार ने किसानों को मंडी तक अपनी उपज ले जाने के लिऐ सड़कों का जाल बिछाया हुआ है और इसके लिये अब सरकार ने इस बजट में 13 करोड़ रूपये रखे हुए हैं इसी प्रकार से सिंचाई के लिए 70 करोड़ रूपये रखे हैं। किसानों को सहायता पहुंचाने के लिऐ सरकार वर्ल्ड बैंक से भी पैसा ले रही है ताकि उनको अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। सरकार किसानों को सिंचाई के लिए अधिक से अधिक पानी देना चाहती है। जितना ज्यादा पानी किसानों कौ कृशि के लिए मिलेगा उतना ही फायदा सरकार का और किसान का होगा। हरियाणा सरकार ने एस0वाई0एल0 के माध्यम से किसानों को पानी पहुंचाने

के लिये पंजाब सरकार के साथ इस योजना पर काम भुरू किया हुआ हैं इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिये हरियाणा सरकार पंजाब सरकार को 20 करोड़ रूपया भी दे चुकी है। यह बात अलग है कि वहां पर इस समय हालात अच्छे नहीं हैं। मैं इस संबंध में यह भी कहना चाहता हूं कि वहां पर आम जनता में मतभेद उतना नहीं है जितना बदमा ा लोगों ने वातावरण खराब किया हुआ है। हरियाणा में भी कुछ लोगों की कोि ा ा यही थी कि वातावरण को खराब किया जाए लेकिन मैं हरियाणा सरकार को बधाई देता हूं कि उन्होंने स्थिति को कंट्राल करके प्रदे ा में भाान्ति बनाये रखी। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने बयान दिया था और कहा था कि जो लोग धार्मिक स्थानों को नुक्सान पहुंचायेंगे उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आर्डर्ज दिये थे कि जो बदमा ा लोग इस किस्म का वातावरण पैदा करेंगे उनको गोली मार दी जाए। इसके बाद प्रदे ा में भाान्ति स्थापित हो गई। यही कारण है कि हरियाणा प्रदे ा चहुंमुखी तरक्की कर रहा है। जिस प्रदे ा में फसाद नहीं होते, वही तरक्की कर सकता है। चेयरमैन साहब, हरियाणा सरकार ने 20 करोड़ रूपया एस0वाई0एल0 नहर खुदवाने के लिए पंजाब सरकार को दिया लेकिन वहां के कुछ लोगों ने नहर नहीं खुदने दी। अब हाल ही में सैंट्रल गवर्नमैंट ने हरियाणा सरकार की तरफ से 5 करोड़ रूपया और जमा करवाया हें ताकि नहर का मा चाले किया जा सके। हरियाणा सरकार चाहती है कि हमें जल्दी से जल्दी पानी मिले। जितना हमें पानी मिलेगा उतना ही हम तरक्की कर सकेंगे।

इसलिये 5 करोड़ रूपया सैंट्रल गवर्नमैंट ने अपने खजाने से नहर खुदवाने के लिये जमा करवाया और मुझे पूर्ण आ ाा है कि हरियाणा सरकार अपनी कोि ा ाों के बल पर नहर खुदवायेगी ताकि हरियाणा के प्रत्येक खेत के कोने कोने में पानी पहुंच सके। जब पानी आ जायेगा तो हरियाणा पूरी तरह से तरक्की कर सकेगा। चेयरमैन साहब, इस बजट में सड़कों के लिये 13 करोड़ रूपया रखा है। वेसे तो पहले ही बहुत अच्छी सड़कें बन चुकी हैं, गांव गांव तक लिंक रोड पहुंच चुकी हैं। इस रूपये से जो गांव सड़कों से नहीं जुड़े हैं, उनको भी जोड़ा जाएगा। जहां पर हरिजन बस्तियां है, जिनकी आबादी 250 से ज्यादा है, उनको पक्की सड़कों से जोड़ने का सरकार का इरादा है ताकि हरिजनों को, छोटे किसानों को मण्डियों में अनाज लोने में कोई दिक्कत न हो। इस प्रकार हर किसान मण्डी में अपना लाकर बेच सकता हे। इसके इलावा हर हरिजन और गरीब आदमी को ऊपर उठाने के लिये सरकार ने सैंट्रल गवर्नमैंट की स्कीम के तहत 5 हजार से लेकर 25 हजार तक का कर्जा दिया है। (व्यवधान) पिछले दिनों हरियाणा में कपास की फसल खराब हो गई। किसानों को राहत देने के लिये मालिया और आबियाना मुआफ करके बहुत बडा काम किया है। सस्ते भाव पर बीज दिया, खाद दी और तकावी लोन दिया। किसान को ऊपर उठाने के लिए सरकार ने यह बहुत बडा काम किया है। इससे उनको बहुत बडी राहत मिली है। मैं चाहूंगा कि सरकार किसान का हौंसला इसी प्रकार बढ़ाती रहे ताकि किसान अच्छी पैदावार करके हरियाणा को ऊपर उठाता रहे।

**श्री सभापतिः** आपके दो मिनट रह गये हैं, आप वाइंड आप करें।

**श्री अमीर चन्द मक्कड़:** चेयरमैन साहब, मेरे एक साथी तालीम के ऊपर बोल रहे थे। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार ने गांव गांव में लड़कियों के स्कूल खोले हैं ताकि लड़कियां शिक्षा हासिल कर सकें। लड़कियों के लिए 200 प्राइमरी स्कूल खोले हैं क्योंकि सरकार चाहती है कि प्रदेश में एक भी बच्चा अनपढ न रहे और खासकर लड़कियों की तरफ खास तवज्जो दी हैं लड़कियों के स्कूल अपग्रेड किय हैं और इस साल के बजट में भी काफी पैसा रखा है। इस प्रकार स्कूल अपग्रेड करके, तालीम का जाल फैलाकर सरकार की यही कोशिश है कि प्रदेश में कोई बच्चा अनपढ न रहे। इसके साथ ही साथ मैं सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि हांसी के प्राईमरी स्कूल की तरफ भी सरकार ध्यान दे। इस स्कूल की बिल्डिंग काफी खस्ता हो चुकी है। इसको अपग्रेड करके मिडल स्कूल बनाने का मुख्य मंत्री ने एलान कर दिया है और इसी प्रकार का एलान सिंघवा प्राईमरी स्कूल के बारे में किया है और मुझे उम्मीद है कि सरकार उस पर अमल करेगी और इन इलाकों के बच्चों को पढ़ने की पूरी सहूलियात देगी। चेयरमैन साहब, हांसी में एक कालेज बना है। इस के बारे में हरियाणा सरकार ने वायदा किया है कि हांसी भाहर के अंदर 11 एकड़ जमीन देगी ताकि बच्चे दूर न जाकर नजदीक के कालेज में तालीम हासिल कर सकें और प्रदेश

की सेवा कर सकें। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि हमारे वित्त मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया, मैं उसका समर्थन करता हूं और वित्त मंत्री जी की बधाई देता हूं।

**श्री देवी दास (सोनीपत):** चेयरमैन साहब, वित्त मंत्री महोदय ने वर्श 1984–85 का जो बजट पे ा किया है अगर इसको पिछले बजट के साथ मिलाया जाए तो मालूम होगा कि यह पिछले बजट की ही कार्बन कापी है। इस बजट में 46.83 करोड रूपये का घाटा दिखाया गया है और वित्त मंत्री जी ने साथ ही यह कह दिया है कि इस घाटे को अन्य साधानों से पूरा किया जाएगा। चेयरमैन साहब, हमें ऐसा लगता है कि इस घाटे को आने वालेक समय में आर्डिनैं ा इ ू करके आम जनता के ऊपर टैक्स का बोझा डाल कर इस घाटे को पूरा करने की कोि ा ा करेंगे।

चेयरमैन साहब, सरकार ने वर्श 1984–85 में रूरल इंडिस्ट्रयल स्कीम के तहत 4 करोड़ रूपया रखा था और इस साल 4.47 करोड रखा है। सोनीपत जिले में जो रूरल इंडस्ट्रीज लगी हैं, उसका मुझे तर्जुबा हैं। मैं असली स्पीच इंडस्ट्रीज से ही भाुरू करता हूं। गांव में जो आम आदमी हैं, गरीब हैं, जिसे पास चार पांच एकड़ जमीन थी, इनमें से जिन जिन लोगों ने रूरल इंडस्ट्रीज स्कीम के तहत इंडस्ट्रीज लगाई हैं, वे लोन लेने के लिये बैंको के पीछे मारे मारे फिर रहे हैं और जिनको पैसा मिल गया है, उनकी हालत यह है कि वे ब्याज भी नहीं दे पाते। रूरल इंडस्ट्रीज बिल्कुल फेल हो रही है। जब रूरल इंडस्ट्रीज स्कीम का

प्रोग्राम बनाया था तो सरकार ने यह आ वासन दिया था कि इनको सरकार कच्चा माल सप्लाई करेगी, औक्ट्राय और सेल्ज टैक्स मुआफ करेगी। और जो माल ये इंडस्ट्रीज बनाएंगी, उसको सरकार स्वयं खरीदेगी। जिस आदमी ने इंडस्ट्री लगाई है, उसकी पोजी ान इतनी कमजारे हे कि कि त तो क्या देनी वह लोन का ब्यान तक नहीं दे सकता। अगर आज हरियाणा सरकार एक सर्वे कमेटी बना कर इस बात की इंक्वायरी करवाये कि हरियाणा प्रदे ा के अंदर जिन जिन पढ़े लिखे देहाती बेरोजगार लोगों ने, छोटे जमींदारों ने रूरल इंडस्ट्रियल स्कीम के तहत इंडस्ट्रीज लगाई हैं, उनकी क्या पोजी ान है तो वे लोग यही कहते मिलेंगे कि उन्होंने इंडस्ट्रीज लगाकर मुसीबत मोल ले ली है। इसके अलावा अब मैं लेबर डिमार्टमैंट के बारे में कहना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, सरकार ने लेकर के लिए मजदूरों के लिए करोड़ा रूपयो बजट में रखा है। लेबर के बारे में मेरा एक स्टार्ड क्वै चन था लेनि उसको कन्वर्ट करके अनस्टार्ड कर दिया गया है। आज सोनीपत जिले में लेबर कोर्ट में 168 केसिज लेकर एम्पलाईज के चल रहे हैं और जुडि ियल कोर्ट में अलग चल रहे हैं। ये केसिज अलग अलग 150 फैक्ट्रीज केसिज हैं इन केसिज का फैसला कई सालों से नहीं हो हो पाता। लोग इंडस्ट्रीज को छोड़ कर दूसरी जगहों पर जा रहे हैं। इस बात को छोड़िये। अब मैं पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट की तरफ आता हूं। आज से चार पांच साल पहले, सोनीपत कांस्टीच्यूएंसी में गोहाना, विधल और पिनाना ये तीन वाटर सप्लाई स्कीम्ज भुरू की थी लेकिन न मालूम ये

अभी तक पूरी क्यों नहीं हुई। सोनीपत की ही नहीं, सारे हरियाणा की यही हालत है। कागजों में स्कीम दिखा देते हैं लेकिन एक्चुअल में कुछ नहीं हो पाता। जहां पर खारा पानी है, वहां लोगों को मीठा पानी भी प्रोवाईड नहीं कर पा रहे, मेरा यह तर्जुबा है। और साथी भी यह महसूस करेंगे जो बजट का पुलिंदा हमें दिया जाता है। इसमें लिखा होता है कि पुलिस के लिए इतना पैसा, पब्लिक हैल्थ के लिए इतना पैसा और एग्रीकल्चर के लिये इतना पैसा रखा गया है। अगर यह बजट विधान सभा हल्कवाईज बन जाए तो हम कह सकते हैं कि इस हल्के के अंदर इतनी सड़कें बनीं, इतने स्कूल अपग्रेड हुए और इनती देहात के अंदर वाटर सप्लाई स्कीम्ज बनीं। इस बजट से तो सरकार में बैठे हुए लोग अपना ही काम कराते हैं और जहां काम पहले भाुरू हुआ होता है वह पूरा नहीं होता।

सभापति जी, मैं आपका ध्यान हुड्डा की तरफ दिलाना चाहता हूं। सोनीपत के अदंर हुड्डा की एक कालोनी बनी हुई है जिसको 14 सैक्टर कहते हैं। उसकी हालत बहुत खस्ता है। सड़कें टूटी हुई हैं। वाटर सप्लाई का कोई इन्तजाम नहीं है। इसके अलावा हुडडा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट, हाउसिंग बोर्उ और म्युनिसिपल कमेटी, सभी की अलग अलग अदायरे होने के नाते से अपनी अपनी कालोनीज के लिए अलग अलग सीवरेज लाइन्ज हैं। ऐसा होने से सारे भाहर की हालत खराब हो चुकी है। मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि इन सबकी एक ही सीवरेज लाईन होनी चाहिए।

आज किसी का लैवल ऊंचा है। किसी का नीचा है। कहीं फव्वारे निकल रहे हैं। सरकार को इस तरफ अव य ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसकी वजह से सोनीपत की हालत काफी खराब हो गई है।

चेयरमैन साहब, म्युनिसिपल कमेटी के चुनाव न होने के कारण ऐडमिनिस्ट्रिेटर अपनी मन मर्जी से जो चाहे कर रहे है। ईटें अगर कहीं लगनी हैं तो बिल्कुल पीली और सैकिंड क्लास लगती हैं। वे कहते हैं कि अगर हम ऐसा नहीं करते तो हमें एक पैसा नहीं मिलता। मेरा निवेदन है कि सरकार को भाहरों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

चेयरमैन साहब, तीन साल पहले बड़वासनी के अदंर जमुना नहर के नीचे साईफन बना था। 8–10 गांवों का पानी उस साईफन से निकलता हैं ड्रेनेज डिपार्टमैंट की बहुत बुरी हालत है। उसने अभी तक वहां ड्रेन नहीं बनाई है। जब तक वहां ड्रेन बननी भाुरू होगी तब तक फिर बारि । आ जाएगी। वह काम जल्दी होना चाहिये।

चेयरमैन साहब, यहां कहा गया कि 2 हजार हैक्टेयर जमीन में पानी खड़ा है लेकिन मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि अकेले जुआं गांव के अंदर 8–10 साल से लगातार सैंकड़ों एकड़ जमीन पर पानी खड़ा है। वहां ड्रेनेज का इंतजाम नहीं है। सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

चेयरमैन साहब, ला एण्ड आड्र का जहां तक संबंध है। औरों की बात तो छोड़िये हमाचरे अपने घर वाले कहते हैं कि रात वाली बस से न जाना। (विघ्न) लोकसभा में एक क्वै चन के जवाब में यह बताया गया और यह बात पेपर में आई है कि हरियाणा में देहज की वजह से लड़कियों की हत्या के सारे भारत में सबसे ज्यादा केस हुए हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इस तरफ भी ध्यान दे। चेयरमैन साहब, डिप्टी स्पीकर साहब, श्री वेदपाल जी और बहन भाान्ति पर जो हमला हुआ और पानीपत, जींद, करनाल और यमुना नगर आदि जगहों पर जो वाक्या हुए हैं, वे पंजाब स्टेट में जो हालत है, उसकी वजह से हुए हैं। सरकार को इनको रोकने के लिये पूरी कोि ा ा करनी चाहिए।

चेयरमैन साहब, मैं सरकार का ध्यान ऐजुके ान की तरफ भी दिलाना चाहता हूं। सारे हरियाणा के अंदर काफी मान्यता प्राप्त स्कूल हैं। कई स्कूलों की मैनेजमैंट कमेटीज के चुनाव 10—10, 20—20 साल तक नहीं होते जबकि विधान के मुताबिक दो तीन साल के बाद चुनाव होने चाहिए। कुछ आदमी उन स्कूलों की मैनेजिंग कमेटीज में बैठे हुए हैं और अपनी मर्जी से दुकानदारी चला रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ऐजुके ान मिनिस्टर साहब इस तरफ ध्यान देंगे और जिन स्कूलों में विधान के मुताबिक चुनाव नहीं होते वहां चुनाव करवाने की कृपा करेंगे या उनकी ग्रांट बंद करेंगे। चेयरमैन साहब, मुझे यह भी उम्मीद है कि प्राईवेट स्कूल्ज के टीचर्ज को ये खजाने से वेतन दिलवाने की कृपा करेंगे क्यौंकि

यह उनकी बहुत पुरानी मांग है। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्री हरिचन्द हुड्डा (किलोई):** चेयरमैन साहब, फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने जो बजट पेश किया है ..... इसके ऊपर बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। मैं इन्हें यह भी समझान के लिए खड़ा हुआ हूं कि यह बजट क्या है ? (विघ्न)

**श्री इन्द्र सिंह नैन:** चेयरमैन साहब, यह बड़ा पवित्र हाउस है और बजट पर डिसक ान चल रही है। माननीय सदस्य को ..... यह पता होना चाहिए कि यहां ..... ..... बजट पर डिसक ान हो रही है। (विघ्न) मेरा निवेदन यह है कि बजट को ..... नहीं कहा जाना चाहिए। (विघ्न)

**श्री हरिचन्द हुड्डा:** चेयरमैन साहब, मैं दो बातों पर बजट को लूंगा। पहली बात मेरी आर्थिक नीति के बोर में होगी और दूसरी बात कृशि नीति के बारे में होगी। दोनों बातों को लेकर मैं बजट पर बोल रहा हूं। मेरे दोस्त ने कहा कि यह हाउस बड़ा पवित्र है ..... (विघ्न)

**चौधरी लीला कृश्ण:** चेयरमैन साहब, मैं वितनी करूंगा कि ..... वाला भाब्द कार्यवाही से निकलवा दिया जाए क्योंकि इस माननीय सदन में इस तरह की बात करना हम सबको भाोभा नहीं देता।

**श्री सभापतिः** ठीक है, यह भाब्द ऐक्सपंज कर दिया जाए।

**श्री हरिचन्द हुड्डाः** चेयरमैन साहब, यहां जो बजट पे ा किया गयो है। इसमें हमने यह देखना है कि सरकार की नीयत और नीति क्या है। अगरी हम डिवैल्पमैंट के काम को देखते हैं, किसान की बहबूदी को देखते हैं गरीब की हालत को देखते हैं तो मालूम होता है कि यह बजट गरीब को और गरीब कर रहा है और अमीर को और मोटा कर रहा है। अगर हम बजट की नौअइत को देखते हैं तो महसूस होता है कि सरकार वायदा ज्यादा करती है और काम कम करती है। अगर मैं यह कहूं कि 'टोटा, मोटा, खोटा झुका दे सिर ने' तो कोई गलत बात न होगी। इस दे ा के अंदर किसान के लिये 20 हजार करोड़ रूपये का अनाज अमेरिका से मंगवाया गया हैं यह सरकार उस अनाज से इस दे ा के लोगों का पेट भर रही है और अमैरिका के किसान की मदद कर रही है। चेयरमैन साहब, मुर्दों के कपड़े और कफन तक इस दे ा में बिके हैं। फिर भी यह सरकार कहती है कि हम किसानों की मदद करते हैं। ये तो भारत के किसान को मार रहे हैं। इसलिये मैं कहता हूं कि इनकी न तो नीयत ठीक है और न नीति ठीक है। इस बारे में मैं एक बात कहूंगा। चेयरमैन साहब, मैं तो एक ही बात कहूंगा कि इस सरकार की नीति और नीयत में फर्क है। यहां पर वायदे ज्यादा और काम कम किया जाता है। चेयरमैन साहब, मैं हाउस के सामने चन्द रिपोट्र्स रखना चाहता हूं जिनसे पता लग सकता है

कि यह सरकार क्या करती है और क्या इसकी नीति है ? मेरी समझ में नहीं आता कि इस बजट के क्या नाम दूं क्योंकि इसमें कुछ भी लोगों की भलाई के लिऐ नहीं दे रखा है। रिपोर्ट आफ महोलोहसे कमेटी, रिपोर्ट आफ ने ानल सैम्पल सर्वे कमेटी, रिपोर्ट आफ प्रोफेसर आर0के0 हजारी, दि रिपोर्ट आफ मनोपोलिज इंक्वायरी कमी ान, रिपोर्ट आफ दि कमेटी आन डिस्ट्रीब्यू ान आदि रिपोर्टस का निचोड़ डा0 हिक्स के भाब्दों में यह निकलता है —

It is not a budget. It is a tug of war of economy of this Country between the rich and poor. Bureaucratic Government is on the side of the rich man. Under the circumstanced the national income of this country has never been divided equally. The rich became more rich and the poor the became more poor. A few persons of this country have grebed the entire budget of this country and they have fat and fat like a pig.

इन रिपोर्टस के अनुसार हिन्दुस्तान की 56 फीसदी आबादी गरीबी की रेखा से नीचे है। हिन्दुस्तान की आधी आबादी भूखी है। यह बजट पूंजीपतियों का है। गांव के लोग भूखे मर रहे हैं। भाहरों के लोग खु ाहाल हैं। गांव में हिन्दुस्तान में एजुके ान दस फीसदी है और भाहरों में 90 फीसदी है। भाहरों में नौकरी 90 फीसदी है तो गांव के लोगों का दस फीसदी है। इसलिए राइटर ने सब बातें लिखी हैं। हिन्दुस्तान की 80 फीसदी

आबादी जो गांव में रहती है, उसको यह पूंजीपति सरकार किस प्रकार से खा रही है ?

**श्री लछमान सिंहः** यह हरियाणा का बजट है, कंट्री का बजट नहीं। हरियाण के बजट पर बात करें।

**श्री हरिचन्द हुड्डाः** सरदार सारे हिन्दुस्तान में है। पंजाब के सरकार हरियाणा में और सारे हिन्दुस्तान के हिस्सों में घुस गये हैं तो यहां पर सारे हिन्दुस्तान के बजट की बात करने में क्या हर्ज है। आज किसान पैदा करता है और इंडस्ट्री वाले उसका लाभ उठाते हैं। आज पर कैपिटा इंकम हिन्दुस्तान की बहुत कम है। 283 रूपये प्रति हैड के हिसाब से लोगों पर कर्जा है यानी हरियाणा के एक बच्चे पर 283 रूपये कर्जा है। चेयरमैन साहब, यह बजट हरियाणा के किसान और मजदूर का नहीं है। लोग भूखे मर रहे हैं। उधर लोगों को यह सरकार भाराब पीने की आदत डाल रही है। सरकार अपने खजाने को भरना चाहती है। भूख प्यासे लोगों का पैसा भाराब के जरिये से लिया जा रहा है। सरकार की कमाई है और किसान की भूखमरी है। इन्होंने गरीब आदमियों का पैसा खाकर इस बजट को हमारे सामने रख दिया। यह बजट पूंजीपतियों का है। किसान और मजदूर का नहीं है। किसान और मजदूर का तो खून चूसा जा रहा है।

चेयरमैन साहब, जो दस फीसदी अमीर आदमी हैं उन्हौंने गांव के लोगों की कमाई खाई है। आज चमड़े की इंडस्ट्री

पर टाटा का कब्जा हो गया और लोहार बेकार हो गया। इसी प्रकार से चीनी के बरतनों पर यानी क्रोकरी पर बावा का कब्जा हो गया और कुम्हाचर भूखा मर रहा है। गरीब आदमी जो धंधा करते थे उन पर तीन चार बड़े बडे लोगों ने कब्जा कर लिया है। आज के दिन हिन्दुस्तान की इन्डस्ट्री कुछ ही लोगों के हथ में है।

**श्री इन्द सिंह नैनः** .....

**श्री सभापतिः** यह रिकार्ड न किया जाए।

**श्री हरि चन्द हुड्डाः** मेरे दोस्त ने कुछ मेरे बारे में कहा । मैंने आज तक कोई भी पैसा भजन लाल जी की ओर से नहीं लिया। अध्यक्ष महोदय ने मुझे एक हाउस कमेटी का मैम्बर बनाया हुआ है और किसी भी कमेटी का मैम्बर नहीं हूं। आज जितने भी एम0एल0ए0 हैं उन सबसे कम पेसा मेरे पास है। अगर और एम0एल0एज0 के बराबर भी मेरे पास पैसा हो, तो मैं हाउस छोड़ दूंगा।

मैं कह रहा था कि दस फीसदी लोग हिन्दुस्तान के गरीब लोगो की कमाई खा रहे हैं। यह बजट पूंजीपतियों की पालिसी के अनुसार है। भजन लाल की सरकार में भर्ती ज्यादा हैं और सर्विस कम हैं, कंट्राल ज्यादा है फायदा कम है, कानून ज्यादा हैं और इंसाफ कम हैं। यह सरकार सो ालिज्म का मजाक उड़ा रही है। मजदूर व किसान भूखे मरते हैं और अमीर लोग मौज करते हैं। यह बजट एक ड्रामा है। हरियाणा को एस0वाई0एल0 का

पानी आना था लेकिन आज तक नहीं आया। दस साल हो गये हैं, लेकिन उस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

किसी ने ठीक की कहा है –

पंछी समझते हैं चमन बदला हैं

हंसते हैं सिताचरे गगन बदला है।

भाम ाान की खामो ाी मगर कहती है,

ला ा वही है सिर्फ कफन बदला है।।

इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करता हूं क्योंकि यह बजट सारा धोखा है इसमें कुछ भी नहीं है।

**सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी):** सभापति महोदय, हमारे वित्त मंत्री जी ने 20 तारीख को जो हरियाणा का बजट पे ा किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं केवल दो तीन प्वायंटस पर ही बोलूंगा। पहली बात तो एस0वाई0एल0 के पानी की है। एस0वाई0एल0 के पानी के बारे में कई बार यहां पर कहा जा चुका है। हमने इसके लिए साढ़े बीस करोड़ रूपया पंजाब को दिया है। हमारा प्रदे ा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है, इसमें कोई दो राय नहीं है। यहां की 70 फीसदी आबादी देहातों में रहती है और 30 फीसदी आबादी भाहरों में रहती है। जहां तक देहातों की तरक्की का ताल्लुक है, उसमें हम भी यह चाहते हैं कि उनकी तरक्की हो और इसके लिये ज्यादा से

ज्यदा पैसा खर्च किया जाये। इस 20 प्वायंट प्रोग्राम के तहत जितना भी रूपया खर्च किया जाये इसमें कोई एतराज वाली बात नहीं है। जहां तक भाहरों की बात का ताल्लुक है, 30 प्रति ात लोग जैसे मैंने बताया यहां पर रहते हैं। हमारे प्रदे ा में 85 म्युनिसिपैलटीज हैं। इन भाहरों की सफाई की हालत सड़कों की हाल और कई जगह दूसरी हालत ठीक नहीं है। मेरा कहना यह है कि इनको तो रूपया जरूर दिया जाना चाहिये जिससे यहां पर सफाई और सड़कों वगैरा की हालत ठीक हो सके। मैं यह चाहता हूं कि इन म्युनिसिपल कमेटी को खुले तौर पर लोन दिया जाये ताकि जो वहां पर टूटी हुई सड़कें हैं और गंदगी है, वह ठीक हो सके। जहां पर गांवों में खर्च करने के लिये इन्होंने इतना रूपया रखा है वहां इनके लिये टोटल अढाई करोड रूपया रखा गया है जिससे म्युनिसिल कमेटियां भाहरों में सड़कें ठीक करेंगी, नालियां ठीक करेंगी  सफाई का और दूसरा प्रबंध करेंगी। 85 म्युनिस्पिल कमेटीज के हिसाब सये अगर हम हिसाब लगायें तो 3 लाख रूपय एक के हिस्से आता है। मेरा कहना यह है कि इससे काम होने वाला नहीं है। हर हालत में भाहर में रहने वाले लोग गांवों के मुकाबले में डबल टैक्स देते हैं। अगरी उनकी आबादी 30 फीसदी है तो वे टैक्स 60 फीसदी देते हैं लेकिन उनको दी जाती हैं केवल 15 फीसदी। मेरा कहना यह है कि इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। जहां तक सेल्ज टैक्स का ताल्लुक है इन्होंन बनियान पर सेल्ज टैक्स घटा कर अढाई परसैंट किया है। पिछले साल इन्होंने कुछ आईटम्ज पर सेल्ज टैकस 7 से बढा कर 8 और

कुछ आईटम्ज पर 10 से बढा कर 12 प्रति ात किया था। मैं तो यह उम्मीद करता था कि यह उस टैक्स को वापिस लेंगे। अगर वापिस भी लें तो भी इनको आमदनी उतनी ही होगी। इनकी आमदनी में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उल्टे इनकी आमदनी बढ़ेगी। एस0वाईएल0 के मुताल्लिक जो हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने हरियाणा के हितों के बारे में बयान दिया है वह सराहना के योग्य है। उन्होंने आज तक कोई भी कमजोरी दिखाने वाला बयान नहीं दिया है जिससे कि हरियाणा के हितों को नुक्सान पहुंचता हो। आईन्दा भी मैं समझता हूं कि हमारे हरियाण्उाा के हित हमारे दे ा की प्रधान मंत्री और सूबे के मुख्य मंत्री के हाथों में महफूज हैं और महफूज रहेंगे।

जहां तक प ुपालन का ताल्लुक है, हमारे यहां दूध की तादाद काफी बढभ है। हमारे यहां पर हपले 25 डिस्पैंसरियां थी, अब उनको अस्पताल बनाया जा रहा है और 25 नयी डिस्पैंसरियां खोली जा रही हैं। यह भी एक अच्छी बाता है। एक बात और है 10 करोड दरक्त हर साल यह सरकार लगाने का इरादा रखती है। पिछले साल 10 करोड दरख्त लगाये भी गये हैं। यह सूबे के लिये एक बहुत बडी बात है। अगर इस 10 करोड में 80 या 70–75 प्रति ात भी कामयाब हो जायें तो भी बड़ी अच्छी बात है। इस वन विकास से प्रदे ा का बहुत फायदा होने वाला है। जहां तक इंडस्ट्रीह की बात का ताल्लुक है। 1966 में जिस वक्त हरियाणा बना था उस वक्त हमारे यहां 4000 यूनिट काम

करते थे लेकिन हमारे यहां 44000 यूनिटस हैं। इन यूनिटों से हरियाणा के अंदर कितनी तरक्की हुई है, यह आप देंखें। दिल्ली के एक नुमाइ ा लगती है– इंडस्ट्रियल नुमाइ ा। उसमे ंहमारा जो स्टाल लगता है, उसको दोबारा फर्स्ट प्राईज मिला है। वह स्टाल छोटा है। मैं इस बारे में राय दूंगा कि उस स्टाल का साईज डबल किया जाए क्योंकि हमारे यहां जितनी तरक्की हुई है, उसमें वह सारी चीज दिखाने का इंतजाम नहीं है।

चेयरमैन साहब, जहां तक तालीम की बात का संबंध है, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें टैक्नीकल तालीम की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिये। हर बच्चा अगर मैट्रिक या बी0ए0 कर जाये तो वह क्लर्क बनने की कोि ा ा करेगा और क्ल्र्कस की इतनी जगहें नहीं हो सकती कि उन सबको लगाया जा सके। इसलिये मेराा कहना यह है कि टैक्नीकल तालीम की तरफ कुछ ज्यादा ध्यान देना चाहिये। इसके अलावा धार्मिक, सौसल और नै ानल बातों को पढाने की थोडी ज्यादा जरूरत है। पिछले साल से एक पीरियड इन्होंने भाुरू तो किया है ताकि दे ा इकट्टा रहे और हमारा ने ानल करैक्टर बने। जब नै ानल करैक्टर की बात आयेगी तो आप आज का एम0एल0ए0 की बातें याद करोगे। (व्यवधान व भाोर) उन्होंने तो कहा है कि आज कल नै ानल करैक्टर कम हो रहा है, इसकी तरफ ध्यान देने की बात है। इनका ध्यान गलत बातों की तरफ जाता है।

13.00 बजे।

चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता हूं कि प्रदे ा की तरक्की के लिये खासतौर पर अम्बाला जिले की तरक्की होना जरूरी है। अम्बाला पंजाब के बिल्कुल बोर्डर पर है और हरियाणा का सबसे खूबसूरत भाहर है लेकिन अम्बाला में अभी तक कोई तरक्की नहीं हुई हैं। वहां की जमीन प्यासी पड़ी हुई है और वहां पर लोगो को भी पीने के लिए कम पानी है। एस0वाई0एल0 का अगर पानी आ जाए तो पानी की समस्या अम्बाला की हल हो सकती है। एक तरफ पानी की जवह से पंजाब में जमीन में सेम है, पानी पाकिस्तान जा रहा है लेकिन बड़ा भाई छोटे भाई को पानी नहीं दे रहा है। पानी अगर अम्बाला को मिल जाए तो अम्बाला का काफी भला हो सकता है जो पानी हरियाणा को आएगा उसमें अम्बाला जिले का भी हिस्सा है।

जहां तक इंडस्ट्री का ताल्लुक है, अम्बाला कैंट में छोटी छोटी इंडस्ट्री के चार हजार यूनिटस लगे हुए हैं। अम्बाला कैंट या तो इंडस्ट्री का भाहर है या मिलिट्री का भाहर है। जैसा कि मैंने पहले कहा है कि वहां पर हजारों इंडस्ट्री के छोटे छोटे यूनिट हैं लेकिन वहां पर बिजली की काफी कमी है। जब कभी बिजली बंद हो जाती है तो बीस हजार आदमी बेकार हो जाते हैं। वहां पर एक मैगावाट से पांच मैगावाट तक बिजली की जरूरत है। अम्बाला कैंट का बिजली के मामले में खासतौर से ध्यान रखा जाना चाहिए क्योंकि वहां पर गरीब आदमी इंडस्ट्री चलाते हैं और हरियाणा से जितनी एक्सपोर्ट होती है उसका एक तिहाई हिस्सा

अम्बाला से एक्सपोर्ट होता हैं इसमे कोई भाक नहीं कि दे ा में और हमारे प्रांत में भी बिजली की कमी है और इसका कारण यह है कि लोगों की बिजली की जरूरतें बढ़ गई हैं। अब हर घर में पंखा, फ्रिज, टी0वी0 और गीजर आदि आपको मिलेंगे। अब हर तरफ तरक्की हो रही है। जो चीज इस दे ा में बनती है वह हम बनाते हैं। हरियाणा सरकार को केन्द्रीय सरकार को सिफारि ा करनी चाहिए कि तेल की, पैट्रोल की, डीजल की और बिजली की जितनी हमें जरूरत है उसके मुताबिक वह हमें अलौट करें। बिजली और पानी का एक पूल होना चाहिए। सार भारत का अगर उस पूल में हिस्सा होगा और उसमें से हिस्सा मिलेगा तभी हमारी तरक्की हो सकेगी। ( ाोर एवं व्यवधान) चेयरमैन साहब, अगर सारे दे ा में सौ साईकिल बनती हैं तो उनमें से साठ साईकिल हरियाणा में बनती है। हमारा प्रदे ा इतनी तरक्की कर रहा है। अपोजी ान बराय अपोजी ान है। इसका कोई मतलब नहीं है। जो अच्छा काम हमारी सरकार कर रही है उसको तो अपोजी ान को एप्रीि ाएट करना चाहिए। इस दफा सबसे बढ़िया काम यह हुआ है कि हमारी सरकार ने कोई टैक्स नहीं लगाया। हर बार हमारी अपोजी ान वाक आउट करती थी लेकिन इस बार वाक आउट नहीं किया। क्योंकि अब की बार इन्होंने बजट को पसंद किया हैं चेयरमैन साहब, जहां तक बिजली का ताल्लुक है सबसे पहले भाखडा में चार यूनिट थे और उनसे एक सौ बीस मैगावाट बिजली पेदा होती थी। उस समय बिजली की खपत ज्यादा नही थी और जवहार लाल नेहरू ने उस बिजली की खपत करने के

लिए नंगल खाद फैक्टरी बनवाई। उसके बाद पांच यूनिट और लगे और उनसे नब्बे मैगावाट बिजली पैदा की गई लेकिन वह भी कम हो गई। उसके बाद हमारे इंजीनियरों ने छः यूनिट और लगाए जिनसे एक सौ छः मैगावाट बिजली पैदा हुई छः यूनिट लगाने में न तो एक पैसे का काम बाहर से हुआ और न ही कोई इंजीनियर बाहर का आया। टोटल इंजीनियर हमारे दे ा के ही थे और सारा काम हमारे इंजीनियरों ने ही किया था। यह सारा दिमाग हमारे हरियाणा के इंजीनियरों का था और कितनी भाानदार चीज हमारे हरियाणा के इंजीनियरों ने बनाकर दी है।

चेयरमैन साहब, जहां तक ला एण्ड आर्डर का ताल्लुक है। हमारे अपोजी ान के भाई कहते हैं कि हरियाणा में ला एण्ड आर्डर की स्थिति खराब है। मैं कहना चाहता हूं कि आस पड़ौस के सूबों से मुकाबला करके देख लो पता लग जाएगा कि खराब है या अच्छी है। मुकाबला करके ही पता लगता है कि हमारे यहां ला एण्ड आर्डर अच्छा है या खराब है।

चेयरमैन साहब, जहां तक स्कूलों का ताल्लुक है। पिछले चार साल से हरियाण में तालीम पर बहुत खर्च किया जा रहा है लेकिन पिछले चार साल से अम्बाला छावनी से कोई स्कूल अपग्रेड नहीं हुआ जबकि अम्बाला छावनी हरियाणा का सबसे खूबसूरत भाहर है। ( ाोर एव व्यवधान) मैं आपको समझाने के लिए खडा नहीं हुआ हूं। ( ाोर एवं व्यवधान) चेयरमैन साहब, अम्बाला छावनी का बस स्टैंड सबसे पहला बस स्टैंड है जो पंजाब

तथा हरियाणा में बना था। उस वक्त आबादी भी कम थी और बसिज भी बहुत कम आती थी। आज अम्बाला छावनी की आबादी चार गुणा हो गई है। और बसिज की तादाद काफी बढ़ गई है जिसके कारण यह बस स्टैंण्ड बहुत छोटा पड़ गया है। चेयरमैन साहब, इस बस स्टैंण्ड के पीछे छः एकड़ जमीन पडी हुई है। वह सरकारी जमीन है और सिर्फ डिपार्टमैंट टू डिपार्टमैंट लेनी है। सारा काम कागज पर होना है। यह अड्डा जी0टी0 रोड पर है और हरियाणा में रोडवेल को सबसे से ज्यादा प्रोफिट यहां से है।

जहां तक बाढ़ का ताल्लुक है, हमारी सरकार ने बाढ को रोकने के लिये बहुत काम किया है और इस सूबे को बाढ से बचाना भी जरूरी है क्योंकि इससे काफी नुकसान होता है लेकिन अम्बाला छावनी में एक गुडगुडिया नाला है ? इसके पांच मुंह पीछे हैं और एक मुंह आगे हैं। मेरी सरकार से प्रार्थनाच है कि इसका अगला मुंह चौड़ा किया जाए और साथ ही साथ नाले का पक्का किया जाए। मैं इतना ही कहना चाहता हूं और इस बजट का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

**श्री वीरेन्द्र सिंहः** चेयरमैन साहब, मैं आपको आपको सिर्फ मुबारिकवाद देने के लिये खड़ा हुआ हूं। बड़ी मुि कल से आपको मौका दिया गया है और मुझ पूरी उम्मीद है कि आप बढ़िया ढंग से हाउस की प्रोसीडिंग्ज को कंडक्ट कराएंगे।

**सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला):** चेयरमैन साहब, सुबह मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि चन्द्रावती जी और देवी लाल जी को जो मीटिंग के लिये टैलीग्राम्ज भेजी थीं उनकी डेट वगैर वह बतायेंगे।

जो टैलीग्राम इन मैम्बर साहिबना को भेजी गई हैं उनको कापीज मेरे पास हैं। इनको ये टैलीग्राम 21 तारीख को भेजी गई थी। चन्द्रावती जी को रोहतक रोड, चरखी दादरी के पते पर भेजी गई थी और चौधरी देवी लाल को चौटाले के पते पर भेजी गई थी।

मैं इन टैलीग्रामज की कापीज इनको दिखा देता हूं।

**श्रीमती चन्द्रावती:** ठीक है जी।

(इस समय टैलीग्राम्ज की कापीज श्रीमती चन्द्रावती और श्री वीरेन्द्र सिंह को दिखाई गई)

**श्री लछमन सिंह कम्बाजे (इन्द्री):** चेयरमैन साहब, 1984–85 का जो बजट इस हाउस में पे ा हुआ है। मैं उस पर अपने विचार रखने के लिये खडा हुआ हूं। हसमें सडकों, परिवहन यातायात व पुलों का जिक्र किया था और यह मांग की थी कि इन्द्री हल्के के अंदर बहुत सी ऐसी नदियां पडती हैं जो कि बरसात के दिनों फलड का रूप धार कर लेती हैं और उन नदियों पर आज तक कोई पुल वगैरह नहीं बनाये गये हैं। जिससे लोगों को आने जाने में काफी असुविधा हो रही है। इसके लिए मुख्य

मंत्री महोदय ने यह वायदा भी किया था कि वहां पर पुल बनाये जाएगे पर सब बेकार। हमें इस बजट से बडी आ ाएं थी कि पुलों का काम प्रियारिटी बेसिज पर होगा पर हम लोगों को यह बजट देखकर बडी ही निरा ाा हुई है। इसमें न तो किसानों को किसी प्रकार की कोई राहत ही दी गयी है न ही गरीब लोगों के भले के लिये ही कोई काम किये गये हैं। यह बजट फिर किस काम का जो कि जनता की भलाई के लिये न हो। इस बजट में कुछ नहीं है। किसानों ने इस बजट से बडी आ ाा लगा रखी थी कि इस बजट से उनको कुछ मिलेगा। चेयरमैन साहब, यह बजट बिल्कुल खोखला और धोखे वाला बजट है। चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने फल्ड के बचाव के लिये करोड़ों रूपया रखा है पिछले साल भी काफी रूपया रखा गया था परन्तु मुझे दुख है कि मेरे इलाके के बचाव के लिये सरकार ने एक पैसा भी नहीं खर्च किया है और न ही खर्च करने का सोचा है, ऐसा कोई प्रावधान इस सरकार इस बजट स्पीच के अंदर किया हैं जबकि उधर यू0पी0 वालों ने फलड के बचाव के लिये बहुत बडे बडे बांध बना लिये हैं ? हमारी समझ में यह नहीं आता कि यहां पर तो ऐसे कामों के लिये लाखों करोड़ों रूपया रखा जाता है ? लेकिन बाद में यह सारे का सारा बजट कहां जाता है ? कागजों में सब कुछ दिखा दिया जाता है।

चेयरमैन साहब, इससक आगे मैं सड़कों की हालत के बारे में भी यहां बताना चाहता हूं । यमुनानगर से करनाल तक जो

सडक है वह बहुत बुरी तरह से टूटी पडी है उसका बुरा हाल है। पिछले हाउस में भी मैंने यह बात रखी थी कि इस सडक को पूरा किया जाए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। यहां तक भी मैं कहना चाहता हूं कि उस सडका का इतना बुरा हाल है कि कोई गर्भवती औरत भी वहां से बस में बैठकर गुजर नहीं सकती। उस सारी सडक पर गड्ढे पडे हुए हैं। मुझे यह बात बडे ही दुख के साथ कहनी पड़ रही हैं। अगर कोई औरत वहां से गुजर जाती है तो उसे हस्पताल का मुंह देखना पड़ता है। हमारे पी0डब्ल्यू0डी0 मिनिस्टर महोदय बैठे हुए हैं मैंने उनसे भी कहा था कि उस सडक का बुरा हाल है। यमुनानगर से करनाल तक का केवल 60—70 किलोमीटर का एरिया है, इसको ठीक करवाया जाये। वहां पर बसों के टायर भी खराब हो जाते हैं, बसों की कमानियां भी टूट जाती है। इससे सरकार का भी नुकसान है, इसलिये जल्दी ही इस तरफ ध्यान दिया जाए। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि इस काम को जल्द से जल्द करवाने की कृपा करें।

इससे अगला प्वायंट मेरा चेयरमैन साहब, हस्पतालों के बारे में हैं। हस्पतालों में दवाईयां नहीं मिलती। मेरे हल्के में कई हजार की जनता बसती है लेकिन वहां इन्द्री में केवल एक ही हस्पताल है। और वह भी केवल 8 बैडज का और अगर मरीज बढ जाते हैं तो उस इलाके की जनता को करनाल जाना पडता है। 20 मरीज हो जाएं तो वहां से करनाल जाना पडता है। इतनी दूर जाते जाते आधे मरीज तो भाायद रास्ते में ही मर जाएं। इसलिये

मैं हल्थ मिनिस्टर महोदय से यह कहूंगा कि वहां 20 या 30 बैडज का हस्पताल बनाया जाए। फलड के बारे में मैं पहले कह चुका हूं कि बजट बनाये ताकि जिन लोगो की भूमि कट कर उधर चली गयी है। और वे लोग घरों से बेघचर हो गये हैं उनको बचाया जा सके। उन्हें बचाने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहियें। वे बेचारे पहले ही मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा चला रहे हैं। इसी सिलसिले में मैंने एक क्वै चन भी किया था लेकिन वह सवाल डिस अलाऊ कर दिया गया क्योंकि सरकार ने इस इलाके में कुछ काम न करवाने की कसम खा रखी है।

इसी तरह से बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिये इस बजट में कुछ नहीं द ार्किया गया है न ही इन लोगों को किसी तरह की रिलीफ ही दी गयी है। बैकवर्ड लोग हरियाणा में लगभग 20 से 30 परसैंट तक बसते हैं। बैकवर्ड लोगों के लिये इस बजट में कुछ नहीं रखा गया है। बैकवर्ड क्लासिज के लोग इस आस में बैठे रहे कि नया बजट आएगा और हमें सरकार कुछ न कुछ जरूर देगी लेकिन उन बेचारों को सरकार की तरफ से कोई राहत नहीं दी गयी है।

इसी तरह से ये सरकार 20 सूत्रीय कार्यक्रम की बार बार दुहाई देती है कि इस स्कीम के तहत किसी गरीब आदमी को उजाड़ा नहीं जाएगा। गरीबों को रहने के लिये मकान दिये जाएंगे परन्तु मैं आपको बताता हूं कि मेरे इलाके के श्री मनफूल सिंह और ि ाव नारायण बि ानोई ने गरीब आदमियों की झोंपड़ियां

उजाड़ कर उस जमीन पर कब्जा कर लिया और उस जमीन की रजिस्ट्रीयां भी हुई हैं। इसी सिलसिले में मैंने ि ाकायत भी की और मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि अगर यह साबित हो जाए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, नहीं तो ये दे दें। अब मैं इनके नामों की रजिस्ट्रीयां यहां हाउस में पे ा करता हूं ताकि उनको सच्चाई का पता लग जाए। अब सी0एम0 साहब को चाहिये कि अब वे इस्तीफा दें। रजिस्ट्री नम्बर 1476/1 रजिस्ट्री नम्बर 9/1 और 1052/1 बाकायदा उन जमीनों की रजिस्ट्रीयां है लेकिन वे लोग इस पर नाजायज कब्जा किये हुए हैं। यह रजिस्ट्रीयां कम से कम 6 लाख रूपये की होंगी। पाकिस्तान हिन्दुस्तान बना तो यह क्लेम मुजारा था तो भारत सरकार ने यह कैंसल कर दिया कि यह नहीं मिल सकते। फिर भी गलत ढंग से अलाटमैंट करवा ली गयी और मैं यहां हाउस में यह बात स्पश्ट करना चाहता हूं कि किस किस जमीन में झूठा कब्जा ि िव नारायण बि ानोई द्वारा किया हुआ है। वह इस प्रकार से है :–

(अबूब भाहर) खारा खेड़ 17 एकड़

नौरता (गिसरपड़ी) 11 एकड़ + 65 एकड़

जनेसडू 37 एकड़

महमूदपुर रोही में अलाटमैंट हुई है परन्तु यह मामला गुप्त रखा गया है कल्याना में 70 एकड़।

इस पर करतार कौर का क्लेम है लेकिन वह तो मर चुकी है एक और फर्जी करतार कौन बना कर उसके नाम यह जमीन अलाट करवा दी गयी है। चेयरमैन साहब, मैंने सरकार का झूठ का पोल खोला इसलिये अब मुख्यमंत्री महोदय को अपने कहे मुताबिक इस्तीफा देना चाहिए। ( ाोर एवं व्यवधान) एक करतार कौर नामक औरत का क्लेम था। जब वह पाकिस्तान से आ रही थी तो रास्ते में रेल में काटी गयी थी। क्योंकि उसका क्लेम आना था इसलिये यहा ंपर नकली करतार कौर खड़ी कर दी गई और उसको क्लेम दे दिया गया। इसका सबूत मेरे पास है। चेयरमैन साहब, गांव खाजा खेड़ा में 14 एकड़, चामत में 17 एकड़ पर नाजायज कब्जा किया गया। इसी तरह से देवडू में 100 एकड़ जमीन अलाटमैंट के लिये पड़ी हैं। इस सारे घोटोल में ि ाव नारायण निवासी अबूब भाहर के पास मुख्तयारना में हैं। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, मुजारे का नाम दफा 4 में नहीं आ सकता लेकिन मलकियत के क्लेम दफ ा 4 में बनवाए हुए हैं

**चौधरी लीला कृश्णः** डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैं आपका ध्यान इस बजट की कार्यवाही पर दिलाना चाहता हूं। यह कोई अली बाबा और चालीस चोर की कहानी नही है। जिसे मेरे भाई सुना रहे हैं। बार बार मुख्य मंत्री का नाम लेकर उन पर कटाक्ष करना ठीक नहीं है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि चाहे अपोजी ान का नेता हो या रूलिंग पार्टी का

नेता हो, हमें हाउस के नेत के बारे में ऐसे भाब्द प्रयोग नहीं करने चाहिए। ( ाोर)

**श्री लछमन सिंह कम्बोजः** डिप्टी स्पीकर साहब, अगर हम ऐसी बातें यहां नहीं बताएंगे तो और कहां बताएंगे। इस किस्म के जो स्कैंडल हुए हैं, इनको देखकर बीस सूत्री प्रोग्राम तो एक फिजूल की बात है। इसी प्रोग्राम की आड में यह सब कुछ किया जा रहा है। लोगों के साथ धोखा और गद्दारी की जा रही है। मैंने पिछले सै ान में भी सबूत दिये थे। आज भी चीफ मिनिस्टर साहब को हाउस में रहना चाहिए था ताकि वे असलियत को जान लेते। अगर यह बात झूठ साबित हो जाए तो मैं अस्तीफा दे दूंगा। वरना चीफ मिनिस्टर अस्तीफा दे दें। आज किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। और उनके साथ बडा अन्याय किया जा रहा है। इन्होंने मोना ब्लाक मोटर पर बहुत भारी टैक्स लगा दिया है। यह टैक्स पंजाब में नहीं, यू0पी0 में नहीं और राजस्थान में भी नहीं। इससे किसानों के ऊपर बहुत भारी बोझ पड़ेगा। इन्हौंने किसानों के ऊपर एक और जुलम किया है कि अगर कोई किसान दस बीस दिन बिजली का बिल न भरे तो उसका कनैक ान काट देते हैं। कनैक ान काटने के बाद उससे दोबारा सिकयोरिटी और टैस्ट रिपोर्ट मांगी जाती है। इसलिये किसानों पर यह जुल्म भी खत्म किया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट से किसानों को कुछ नहीं मिला। इस सरकार ने मेरे साथ भी बहुत ज्यादी की है। इन्होंने मेरे को अभी तक टैलीफोन कनैक ान भी नहीं दिया है

जबकि मंत्रीगण का कई कई लाख रूपया टैलीफोनों का खर्चा आता है। मुझे टैलीफाने देन पर 40–50 हजार रूपये के खर्चे की बात थी। मैं बैकवर्ड बिरादरी का हूं इसलिये यह काम भी बीस सूत्री कार्यक्रम में आता है। सरकार मेरे साथ अन्याया कर रही है। इन्हीं भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए इस बजट का विरोध करता हूं।

**श्री भले राम (बड़ौदा, अनुसूचित जाति):** डिप्टी स्पीकर साहब, वित्त मंत्री जी ने 20 मार्च को जो बजट पे ा किया था उस पर अब तक 5–6 मेरे भाई बोल चुके हैं और मैं भी उस बारे में कुछ कहना चाहता हूं। यह 429 करोड़ 30 लाख रूपये का प्लान है। यह बजट गांव में रहने वाले गरीब आदमियों, पिछड़ी जातियों और छोटे किसानों की भावनाओं का प्रतीक हे। आप जानते हैं कि हरियाणा एक कृशि प्रान्त हैं और आप जानते हैं कि इस बजट का ज्यादा हिस्सा इरीगे ान और पावर सैक्टर के लिये रखा गया है। पावर सैक्टर के लिये 137 करोड 97 लाख रूपया रखा गया था। आप जानते हैं कि बिजली ज्यादा होगी तो किसानों को ज्यादा पानी मिलेगा और स्टेट की तरक्की होगी। आप पिछले आंकड़ें उठा कर देंखें। सरकार ने बिजली के पिछले साल 58356 जनरल कनैक ान दिरये थे, टयूबवैल्ज के 5856 के करीब कनैक ान दिये थे और इंडस्टीर को 21 के करीब कनैक ान दिये थे। लोगो की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए 1984–85 के लिये सरकार ने नि ाना बनाया है कि वह एक

लाख जनरल कनैक ान देगी और पांच हजार के करीब टयूबवैल्ज को कनै ान देगी। इसके साथ सरकार यह भी चाहती है कि किसानों को पानी मिले। इसके लिये भी सरकार ने स्कीम बनाई हैं। सरकार ने रजवाहे माइनर और नहरों को पक्का करने के लिये साढ़े 70 करोड रूपये खर्च करने के लिए रखे हैं। पिछले साल सरकार ने ऐसे रजवाहे, माइनर और नहरें 30 मिलियन स्केयर मीटर के करीब पक्के किये थे। इससे किसानों को 1800 क्यूसिक बढ़ा हुआ पानी मिला था। आने वाले साल में हमारा इरीगे ान का पोटैंि ायल तीस लाख हैक्टेयर से ज्यादा होगा। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह बजट किन लोगों के लिये है। इसके लिये अलावा सरकार की पालिसी है कि जो लोग दबे हुए हैं, पिछड़े हुए हैं, वि ोशकर हरिजन हैं, उनके लिये एक स्पै ाल कम्पानैंट स्कीम चलाई है। उस स्कीम के लिये 31 करोड़ 8 लाख रूपया रखा गया है और हर एक महकमे का साढे बारह परसैंट हरिजनों पर खर्च होगा। इससे 60000 के करीब हरिजनों को फायदा होगा। इसके साथ साथ इस स्कीम से एक फायदा और होगा कि जिनके पास रहने के लिये मकान नहीं हैं। उनके लिये साढ़े बारस सौ के करीब मकान बनेंगे। हरिजनों को इस स्कीम से आर्थिक और सामाजिक तौर पर उठाने का नि ााना है।

**चौधरी बलवीर सिंह ग्रेवालः** डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। ये बड़ौदा हल्के के हैं और बड़ौदा हल्का

हरियाणा में सबसे ज्यादा फल्ड की चपेट में है। ये उसको तो ठीक करवा लें।

**श्री उपाध्यक्षः** श्री भले राम जी, अब हाउस का समय समाप्त होता है। आप कल कन्टीन्यू करेंगे। अब हाउस कल प्रातः 9.30 बजे तक के लिये एडजर्न किया जाता है।

**13.30 बजे।**

(तत्प चात सदन भाुक्रवार दिनांक 23.3.1984 को प्रात' 9.30 बजे तक के लिये स्थगित हुआ।)